बांग-ए दरा

बाँग-ए दरा

लेखक

इक़बाल

सम्पादक

हंसराज रहबर

प्रकाशक

ऊषा प्रकाशन

उर्दू बाज़ार, दिल्ली

प्रकाशक

ऊषा प्रकाशन

उर्दू बाज़ार, दिल्ली

सर्वाधिकार सुरक्षित हैं

प्रथम संस्करण

जुलाई १९६०

मूल्य रु० ६-७५ नए पैसे

मुद्रक :—

राइजिंग सन प्रेस

चावड़ी बाज़ार, दिल्ली

BANG-e-DARA IQBAL Rs. 6.75

इक़बाल और उसकी शायरी

मीर और गालिब में कौन बड़ा है, यह एक विवाद का विषय है, लेकिन अगर यह कहा जाय कि मीर, गालिब और इकबाल तीन चोटी के शायर हैं तो इस कथन को सभी निस्संकोच स्वीकार करते हैं। इकबाल के दर्शन और चिन्तन के बारे में मतभेद हो सकता है ; लेकिन यह कहना कि वह हमारे युग के बहुत बड़े विचारक और बहुत बड़े शायर हैं, इसमें तनिक भी सन्देह और विवाद की गुंजायश नहीं है।

इकबाल के पूर्वज सप्रू गोत्र के कश्मीरी ब्राह्मण थे, जो कारोबार के सिलसिले में जम्मू से पंजाब के प्रसिद्ध नगर स्यालकोट में आकर बस गये थे और उन्होंने आज से ढाई सौ साल पहले इस्लाम धर्म स्वीकार कर लिया था। ब्राह्मण से मुसलमान बनने के नाते ही वे शेख कहलाते थे। अतएव इकबाल के शेख पिता नूर मुहम्मद धार्मिक प्रवृत्ति के नेक व्यक्ति और एक सफल व्यापारी थे।

शेख नूर मुहम्मद के दो बेटे थे—अता मुहम्मद और मुहम्मद इकबाल। अता मुहम्मद इकबाल से चौदह वर्ष बड़े थे और वह शिक्षा प्राप्त करके इंजीनियर बन गये। इकबाल का जन्म सन् १८७३ में हुआ और उनकी प्रारम्भिक शिक्षा स्यालकोट ही में हुई। अंग्रेजी के अतिरिक्त उन्होंने उर्दू, फारसी और अरबी का अच्छा ज्ञान प्राप्त किया। जिस मिशन कालेज में इकबाल पढ़ते थे, उसमें अरबी के अध्यापक मौलवी मीर हसन थे, जो शेख नूर मुहम्मद के मित्रों में से थे। इस मित्रता का आधार मौलवी साहब की विद्वत्ता थी। उनके पढ़ाने में एक विशेष बात यह थी कि वह जो कुछ बताते थे, वह मन पर अंकित हो जाता था। इकबाल हमेशा अपने इस अध्यापक के

कृतज्ञ रहे। ख्याति प्राप्त करने के बाद जब अंग्रेजी सरकार ने उन्हें सर की उपाधि दी, तब इकबाल ने अपने इस उस्ताद को भी शम्शुलुल्मा की उपाधि दिलाई।

इकबाल पढ़ने-लिखने में तेज थे। उन्होंने प्राइमरी, मिडिल और एन्ट्रेन्स की परीक्षाओं में छात्रवृत्ति प्राप्त की। स्यालकोट से मैट्रिक पास करके वह लाहौर चले आये और वहाँ गवर्नमेंट कालेज में दाखिल हुए। इस कालेज में आरनल्ड नाम के एक प्रोफेसर थे, जो अरबी-फारसी के विद्वान् थे। इकबाल को इस प्रोफेसर का विशेष स्नेह प्राप्त हुआ और जो सम्बन्ध एक बार स्थापित हो गया वह फिर उम्र भर बना रहा। इकबाल की भावी उन्नति में इस अंग्रेज प्रोफेसर का बड़ा हाथ है। आरनल्ड जब प्रोफेसरी के पद से मुक्त होकर विलायत जाने लगे तो इकबाल ने उनसे अलग होने के दुख और क्षोभ को अपनी "नालए-फिराक" शीर्षक कविता में व्यक्त करते हुए लिखा था :

तेरे दम से था हमारे सर में भी सौदाए-इल्म।

(अर्थात् हमारे मन में भी ज्ञान की जिज्ञासा तेरे ही कारण उत्पन्न हुई।)

लाहौर शिक्षा और संस्कृति का प्रमुख केन्द्र था। अन्य ज्ञान-गोष्ठियों के अतिरिक्त मुशायरों की धूम रहती थी, जिनमें उस समय के मशहूर शायर अपना कलाम सुनाते थे। धीरे-धीरे इकबाल ने भी इन मुशायरों में जाना और अपना कलाम सुनाना शुरू किया। इस सम्बन्ध में शेख अब्दुल कादर ने लिखा है :

"मैंने उन्हें पहली मर्तबा लाहौर के एक मुशायरा में देखा। इस बज्म में उनको उनके चन्द हम-जमाअत खींच लाये थे और उन्होंने कह-सुनकर एक गजल भी इनसे पढ़वाई। उस वक्त तक लाहौर में लोग इकबाल से वाकिफ न थे। छोटी-सी गजल थी। सादा-से अलफाज, जमीन भी मुश्किल न थी। मगर कलाम में शोखी और बेसाख्तापन मौजूद था। बहुत पसन्द की गई। इसके बाद दो-तीन मर्तबा फिर इसी मुशायरा में उन्होंने गजल पढ़ी और लोगों को

मालूम हुआ कि एक होनहार शायर मैदान में आया है। मगर यह शोहरत पहले-पहल कालेजों के तुलबा और बाज ऐसे लोगों तक महदूद रही, जो तालीमी मशागल से ताल्लुक रखते थे। इतने में एक अदबी मजलिस कायम हुई, जिसमें मशाहीर शरीक होने लगे और नज्म व नसर के मजामीन की इसमें माँग हुई। शेख मुहम्मद इकबाल ने उसके एक जलसा में अपनी वह नज्म जिसमें 'कोह हिमाला' से खिताब है, पढ़ कर सुनाई। उसमें अंग्रेजी खयालात थे और फारसी बन्दिशें। इस पर खूबी यह कि वतन-परस्ती की चाशनी उसमें मौजूद थी। मजाके-जमाना और जरूरियाते वक्त के माफिक होने के सबब बहुत मकबूल हुई······।"

इकबाल ने गजल कहना स्कूल के जमाने ही में शुरू कर दिया था और शुरू में अपनी गजलें सुधार के लिए डाक द्वारा उस्ताद दाग के पास भेजना शुरू कीं। हजरत दाग ने शीघ्र ही इकबाल की प्रतिभा का अनुमान लगा लिया और दो चार गजलें देखने के बाद ही लिख दिया कि इनमें सुधार की गुंजायश नहीं है। दाग जैसे उस्ताद का यह कह देना एक नये शायर के लिए बहुत बड़ी बात थी। इससे इकबाल के मन में जो आत्म-विश्वास उत्पन्न हुआ, वह आजीवन उनकी शायरी का आधार बना रहा।

लेकिन समय अब तेजी से बदल रहा था। योरुप की राजनीति और विज्ञान ने हमारे विचार और चिन्तन को प्रभावित किया था और देश में राष्ट्रीय संघर्ष का युग था। इस नई परिस्थिति ने जो नई समस्याएँ और नए विचार प्रस्तुत किये थे, उन्हें गजल के माध्यम से व्यक्त करना सम्भव नहीं था। वक्त के इस तकाजे को महसूस करते हुए गालिब ने "कुछ और चाहिए वुसअत मिरे बयाँ के लिए" की बात कही थी। हाली ने इस संकेत को पा लिया और उसने "मुकद्दमा शेरो शायरी" लिखकर न सिर्फ उर्दू शायरी की पुरानी लीक के विरुद्ध विद्रोह का स्वर बुलन्द किया, बल्कि उसे नज्म का विस्तृत क्षेत्र भी प्रदान किया। हाली की नज्में यद्यपि कुछ हद तक सपाट रहीं और उनमें गजल के संगीत का समावेश उतना नहीं हो सका, जितना

कि होना चाहिये था, तथापि यह उर्दू शायरी में एक ऐतिहासिक मोड़ था और भारतेन्दु हरिश्चन्द्र की भाँति मौलाना हाली को उर्दू साहित्य में युग-परिवर्तन का श्रेय प्राप्त है।

शेख अब्दुल कादर ने जिस "अदबी मजलिस के कयाम" का उल्लेख किया है, वह भी इसी वक्त के तकाजा से स्थापित हुई थी, क्योंकि साहित्यिक और विचारक अब सिर्फ मुशायरों में गजलें सुनकर ही सन्तुष्ट नहीं होते थे, उन्हें विचार और चिन्तन के विकास के लिए एक विस्तृत क्षेत्र दरकार था। इस मजलिस में गजल के बजाय नज्में और नसर के लेख पढ़े जाते थे। इसी जरूरत को महसूस करते हुए शेख मुहम्मद कादिर ने "मखजन" नाम की मासिक पत्रिका निकाली, जिसमें नज्म, गजल के अलावा साहित्यिक लेख और कहानियाँ प्रकाशित होती थीं। उर्दू में यह इस ढंग की पहली और नई पत्रिका थी और चूँकि यह वक्त के तकाजों को पूरा करती थी, इसलिए शीघ्र ही लोकप्रिय और प्रसिद्ध हो गई और कोई पच्चीस-तीस साल तक बराबर निकलती रही। इकबाल की 'हिमाला' नाम की कविता इस पत्रिका के पहले अंक में प्रकाशित हुई थी।

इकबाल की मौलिक-प्रतिभा और सूझ-बूझ का अन्दाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि स्यालकोट से लाहौर पहुँचते ही उन्होंने वक्त के तकाजा को समझ लिया और शीघ्र ही अपने चिन्तन को कविता की दिशा में मोड़ दिया। कमाल है कि इस नौजवान शायर के कलम से जो पहली कविता प्रस्फुटित हुई, उसमें अंग्रेजी शिक्षा द्वारा प्राप्त नए विचारों, राष्ट्रीय भावनाओं और प्राकृतिक निरीक्षण का समुचित एवं उत्कृष्ट सामंजस्य हुआ है। कविता में यद्यपि फारसी बन्दिशों का प्रयोग काफी हुआ है, तथापि उसमें पहाड़ी नदी-की-सी रवानी और मधुर संगीत निहित है और 'हिमालय' की महानता और सौन्दर्य के साथ-साथ देश-गौरव आँखों के सामने चित्रित हो जाता है। कविता का आरम्भ अत्यन्त नाटकीय ढंग से यों होता है :

ऐ हिमाला ! ऐ फसीले किश्वरे हिन्दुस्ताँ—
चूमता है तेरी पेशानी को झुक कर आस्माँ।
तुझ में कुछ पैदा नहीं देरीना रोजी के निशां,
तू जवाँ है गर्दिशे शामो सहर के दर्मियाँ ।।

एक जल्वा था कलीमे तूरे सीना के लिए
तू तजल्ली है सरापा चश्मे बीना के लिए ।।

इकबाल ने बचपन हिमालय की गोद में खेलते हुए बिताया था (स्यालकोट हिमालय से बहुत दूर नहीं है)। उसकी महानता, वैचित्र्य और सुन्दर दृश्यों को अपनी आँखों से देखा था। फिर जब स्यालकोट छोड़ा तो उन्हें लाहौर का वातावरण मिला, जो राष्ट्रीयता और देश-भक्ति की भावनाओं से ओत-प्रोत था। इस वातावरण में इकबाल की प्रतिभा का साहित्यिक विकास ही नहीं हुआ बल्कि उसे ऐतिहासिक दिशा भी मिली। उच्चकोटि की कविता क्या है और आज देश में उसका अभाव क्यों है, इस तथ्य को नौजवान शायर ने शुरू ही में समझ लिया था। 'मिर्जा गालिब' कविता इसी प्रारम्भिक काल की लिखी हुई है, जिसमें अपने मनोगत भाव को, उत्कण्ठा और अधीरता को इस प्रकार व्यक्त किया है :

लुत्फे गोयाई में तेरी हमसरी कोई नहीं,
हो तखय्युल का न जब तक फिक्रे कामिल हमनशीं।
हाय ! अब क्या हो गई हिन्दुस्तां की सरजमीं,
आह ! ऐ नज़्ज़ारा आमोज़े निगाहे नुक्ता चीं ।।

गैसू-ए उर्दू अभी मिन्नत पज़ीरे शाना है।
शमअ यह सौदाई-ए दिल सोज़ए-परवाना है ।।

कल्पना और सम्पूर्ण चिन्तन के सामंजस्य को समझते हुए इस नौजवान शायर ने वाकई उर्दू के गैसू संवारने का बीड़ा उठाया।

इकबाल की शायरी का आरम्भ सन् १९०१ से होता है। यह न सिर्फ हिन्दुस्तान बल्कि एशिया में राष्ट्रीय चेतना के नए उभार और नए मोड़ का युग था। देश-प्रेम राष्ट्रीयता का आधार है और देश से प्रेम उस वक्त तक सम्भव नहीं जब तक कि देश-सौन्दर्य, महानता और विशालता को समझ न लिया जाय। राष्ट्रीय उभार के प्रारम्भिक काल में इस महानता, विशालता और सौन्दर्य का जितना मधुर चित्रण इकबाल ने किया है, कोई दूसरा नहीं कर पाया। 'हिमाला' के बाद 'हिन्दुस्तानी बच्चों का गीत' उनकी एक प्रसिद्ध कविता है, उसका एक बन्द देखिये :

यूनानियों को जिसने हैरान कर दिया था,
सारे जहाँ को जिसने इल्मो-हुनर दिया था।
मिट्टी को जिसकी हक़ ने ज़र का असर दिया था,
तुर्कों का जिसने दामन हीरों से भर दिया था।
' मेरा वतन वही है, मेरा वतन वही है ॥

उन दिनों इकबाल ने बच्चों के लिए भी बहुत-सी कविताएँ लिखीं, क्योंकि देश का भविष्य भावी पीढ़ी पर ही निर्भर था। अगर उनके हृदय शुरू ही में स्वाधीनता और देश-भक्ति की भावना से ओत-प्रोत हो जाते हैं तो फिर विदेशी शासक का कोई दमन अथवा प्रलोभन उन्हें स्वाधीनता-संग्राम के निडर सिपाही होने से नहीं रोक सकता। इनमें से अधिकांश कविताएँ लौंगफैलो और एमर्सन आदि विदेशी कवियों से प्रभावित होकर लिखी गई हैं। इसमें तनिक भी सन्देह नहीं कि हमारी देश-भक्ति और राष्ट्रीयता की भावना को दृढ़ बनाने में अंग्रेजी साहित्य का बड़ा हाथ है। इन भावनाओं को इकबाल ने अपनी सरल और मधुर भाषा में व्यक्त करके बड़ा काम किया। इससे जाने कितने बाल-कण्ठों से देश-भक्ति का स्वर गूँज उठा। "बच्चे की दुआ" कविता का यह शेर सुनिये :

हो मिरे दम से योंही मेरे वतन की ज़ीनत।
जिस तरह फूल से होती है चमन की ज़ीनत ॥

देश-भक्ति, त्याग, सहानुभूति और क्रियाशीलता इन कविताओं का मुख्य विषय है। इनमें एक कविता परिन्दे की फरियाद बहुत ही प्यारी है। कहने को तो यह परिन्दे अर्थात् एक पक्षी की फरियाद है, जिससे चमन छूट गया है, जो पिंजड़े में बंद है, दरअसल इससे हर मानव हृदय में गुलामी की नफरत और आजादी की मुहब्बत पैदा होती है। यह कविता चौथी-पाँचवीं से दसवीं तक की पाठ्य-पुस्तकों में शामिल होती थी। आज से तीस-बत्तीस साल पहले जब मैं स्कूल में पढ़ता था तो मुझे याद है कि यह कविता स्कूल के लगभग हर लड़के को याद थी, जो गा सकता था, सस्वर गाता था और जिसे गाना नहीं आता था वह योंही शौक से गुनगुनाता था। शैली इतनी सहज और सरल है कि कविता कण्ठस्थ करने में कुछ भी प्रयास नहीं करना पड़ता। वह आप ही आप जबान पर चढ़ जाती है :

आता है याद मुझको गुज़रा हुआ ज़माना।
वे बाग़ की बहारें, वह मेरा आशियाना॥
आज़ादियाँ कहाँ वे अब अपने घोंसले की।
अपनी खुशी से आना अपनी खुशी से जाना॥
लगती है चोट दिल पर आता है याद जिस दम।
शबनम के आँसुओं पर कलियों का मुस्कराना॥
वह प्यारी-प्यारी सूरत वह कामनी-सी मूरत।
आबाद जिसके दम से था मेरा आशियाना॥
आती नहीं सदायें उसकी मिरे क़फस में।
होती मिरी रिहाई ए काश! मेरे बस में॥

मानव भावनाओ और प्राकृतिक सौन्दर्य का कितना सुन्दर सम्मिश्रण हुआ है। यही सुन्दर सम्मिश्रण उनके "तराना-ए-हिन्दी" में है, जो देश के एक सिरे से दूसरे सिरे तक गूँज उठा, जो स्वाधीनता संग्राम के दिनों में हमारा राष्ट्रीय-गान बना रहा, जो कांग्रेस की स्टेजों पर से गाया जाता रहा और जो रेडियो आदि पर आज भी उसी चाव से गाया जाता है :

सारे जहाँ से अच्छा हिन्दोस्ताँ हमारा,
हम बुलबुलें हैं इसकी वह गुलस्ताँ हमारा ॥
मज़हब नहीं सिखाता आपस में वैर रखना,
हिन्दी है हम, वतन है हिन्दोस्ताँ हमारा ॥

धार्मिक भेद-भाव और साम्प्रदायिकता राष्ट्रीय एकता और उन्नति में सदा से बाधक रही है। इकबाल ने इस भेद-भाव को दूर करने का सचेत प्रयास किया। उनकी 'नया शिवाला' कविता इस बात का उज्ज्वल प्रमाण है :—

सच कह दूँ ऐ ब्रह्मण ! गर तू बुरा न माने,
तेरे सनमकदे के बुत हो गये पुराने।
अपनों से वैर रखना तूने बुतों से सीखा,
जंगो जदल दिखाया वायज़ को भी खुदा ने ॥
तंग आके मैंने आखिर दैरो-हरम को छोड़ा,
वायज़ का वअज़ छोड़ा, छोड़े तिरे फिसाने।
पत्थर की मूर्तों में समझा है तू खुदा है,
ख़ाके वतन का मुझको हर ज़र्रा देवता है ॥

यह स्वर इसीलिए इतना सबल और स्वस्थ है कि विशुद्ध मानव हृदय से स्फुटित हुआ है। धर्म के नाम पर मनुष्य से घृणा की जाय, इकबाल इसे धार्मिकता या पवित्रता नहीं मानते, बल्कि घृणा करने वाले को घृणित समझते हैं :

अजब वायज़ की दींदारी है यारब,
अदावत है उसे सारे जहाँ से।

इस धर्मान्ध वायज से अपनी घृणा को यहाँ तक ले गये हैं :

वायज़ सबूत लाये जो मै के जवाज़ में,
इक़बाल को यह ज़िद है कि पीना भी छोड़ दे ॥

यह शुरू की शायरी है, जब दिल में जवानी का जोश और बलवला था, जब इकबाल अपने आप को, संसार को, समाज को और उसकी समस्याओं को समझ लेना चाहता था। जिज्ञासा से व्यग्र वह खोज के पथ पर आगे बढ़ रहा था, लेकिन न दिशा स्पष्ट थी और न मंजिल सामने थी। इस समय मन की जो अवस्था थी उसका विश्लेषण खुद शायर ने यों किया है :

ढूँढ़ता फिरता हूँ ऐ इक़बाल अपने आपको,
आप ही गोया मुसाफिर आपही मंजिल हूँ मैं।

इसी धुन में वह सन् १९०५ में योरुप रवाना हो गये।

इस समय तक इकबाल एम० ए० पास कर चुके थे और गवर्नमेंट कालेज में दर्शन पढ़ाते थे। लेकिन उन्हें अपना ज्ञान अधूरा दिखाई देता था अतएव उन्होंने अध्यापक बने रहने के बजाय विद्यार्थी बने रहना पसन्द किया। इकबाल लन्दन पहुँच कर कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी में दर्शन पढ़ने लगे। मन में बहुत-सी दुविधाएँ थीं, सोचते थे क्या करूँ क्या न करूँ ? योरुप में वह तीन साल तक रहे, इस बीच में सोचा-समझा बहुत कुछ और लिखा बहुत थोड़ा। एक समय तो उनके मन में यह भी विचार आया कि शेर कहना व्यर्थ समय नष्ट करना है ; इसलिए शेर कहना छोड़ दूँ और समस्त शक्ति ऐसे काम में लगाऊँ, जिससे पिछड़े हुए देश और राष्ट्र का भाग्य बदल जाय।

शायद वह शायरी करना सचमुच ही छोड़ देते, लेकिन सर अब्दुल कादर (जो उन दिनों वहीं थे) ने और आरनल्ड ने उन्हें समझाया कि शेर कहना समय नष्ट करना नहीं। यह तो तुम्हारे पास एक ऐसा गुण है, जिससे तुम देश और राष्ट्र की सचमुच सेवा कर सकते हो।

कैम्ब्रिज में दर्शन की परीक्षा पास करके इकबाल जर्मनी चले गये और वहाँ उन्होंने ईरान के दर्शन पर एक पुस्तक लिखी, जिस पर म्यूनिख यूनिवर्सिटी ने उन्हें डाक्टर की उपाधि दी। जर्मनी से लौटकर लन्दन में बैरिस्टरी की परीक्षा पास की। इन दिनों आरनल्ड लन्दन यूनिवर्सिटी में अरबी के

प्रोफेसर थे। वह अवकाश प्राप्त करके गये तो इकबाल छः महीने तक उनके स्थान पर अरबी पढ़ाते रहे।

पढ़ने-पढ़ाने के अतिरिक्त महत्वपूर्ण बात यह है कि इकबाल ने योरुप में जो कुछ देखा, उसने उनकी पुरानी मान्यताओं ही को बदल दिया। पूँजीवाद इस समय पतन और ह्रास के युग में दाखिल हो चुका था। इसकी सभ्यता, जिसने कभी रूढ़ धार्मिकता और अन्धविश्वास के स्थान पर विज्ञान और बुद्धिवाद का प्रसार करके मनुष्य को बहुत-से मानसिक बन्धनों से मुक्त किया था, अब भीतर से खोखली हो चुकी थी। योरुप का प्रत्येक देश साम्राज्यवाद के विस्तार में लगा हुआ था और उपनिवेशों के लिए अन्धी होड़ चल रही थी। भीतर ही भीतर राजनैतिक गठजोड़ चल रहे थे, कथनी और करनी में धरती-आकाश का अन्तर था और हर प्रकार की नैतिकता उठाकर ताक पर रख दी गई थी। राष्ट्रवाद और देशभक्ति को लूट-खसोट और पिछड़े हुए देशों को गुलाम बनाने के लिए इस्तेमाल किया जा रहा था। बड़ी शक्तियाँ एक-दूसरे से जूझ रही थीं, साधारण व्यक्ति किंचन मात्र होकर रह गया था। बुद्धिजीवी मध्यम वर्ग विशेष रूप से व्यग्र और विक्षिप्त था। बर्गसाँ और नीत्शे का दर्शन इन्हीं परिस्थितियों से उत्पन्न हुआ था।

एक ओर यह दर्शन था और दूसरी ओर ईरान का सूफीवाद था। इकबाल ने दोनों का गहरा अध्ययन किया था, पर इन दर्शनों की ऐतिहासिक पृष्ठ-भूमि को और उनके भौतिक आधार को नहीं समझा था। इसलिए विचार और वस्तुस्थिति में सामंजस्य स्थापित नहीं हो सका। इकबाल के मस्तिष्क में जो प्रश्न गूँज रहे थे, वे प्रश्न ही बने रहे, कोई भी दर्शन उनका उत्तर नहीं दे सका। अतएव इकबाल देश से जो व्यग्र मन लेकर आए थे, वह यहाँ और भी व्यग्र हो उठा :

लेके आया है जहाँ में आदते सीमाब तू,
तेरी बेताबी के सदक़े है अजब बेताब तू।

इस समय जो मनोस्थिति थी, वह उनकी "आशके हरजाई" कविता में भली-भाँति व्यक्त हुई है। जिज्ञासा है, खोज है और फिर अतृप्ति है। दो-तीन शेर देखिये :

सच अगर पूछे तो अफ़लासे तखय्युल है वफ़ा,
दिल में हरदम इक नया महशर बपा रखता हूँ मैं।
फ़ैज़े साक़ी शबनम-आसा, जर्फ़ दिल दरिया तलब,
तश्ना-ए-दायम हूँ, आतश-ज़ेर-पा रखता हूँ मैं।
मुझको पैदा करके अपना नुक्ताची पैदा किया,
नक़्श हूँ अपने मुसव्विर से गिला रखता हूँ मैं।

जब पूँजीवादी सभ्यता और दर्शन से तृप्ति न हुई तो मन को प्राकृतिक दृश्यों से बहलाना शुरू किया। 'एक शाम', 'तनहाई' और 'फिराक' कविताएँ इसी प्रयत्न में लिखी गई हैं। नेकर नदी के किनारे चाँदनी रात का निस्तब्ध दृश्य देखते हुए यह अन्तिम शेर :—

ऐ दिल तो भी ख़ामोश हो जा,
आग़ोश में ग़म को ले के सो जा।

या फिर 'तनहाई' का यह शेर

किस शै की तुझे हविस है ऐ दिल,
क़ुदरत तिरी हम-नफ़स है ऐ दिल।

जब पुरानी मान्यताएँ टूट जायें, नई बन न पायें और सामने कोई आदर्श न हो तो एक निष्ठावान कवि और लेखक के लिए लिखना सम्भव नहीं होता। इकबाल ने भी अपने आपको खामोश कर लिया। लेकिन मन में जो व्यग्रता थी, जो ज्वाला धधक रही थी, उसका शान्त हो जाना सम्भव नहीं था। यह खामोशी ऊपरी और अस्थाई थी और अपने भीतर तूफान को छिपाए हुए थी :

ज़माना देखेगा जब मिरे दिल से महश्र उट्ठेगा गुफ्तगू का,
मिरी ख़मोशी नहीं है गोया मज़ार है हर्फ़ आरज़ू का।

इकबाल सन् १६०८ में विलायत से लौटकर हिन्दुस्तान आये और गवर्नमेंट कालेज में पढ़ाने लगे। यहाँ से उन्हें पाँच सौ रुपये मासिक तनख्वाह मिलती थी और वकालत करने की भी इजाजत थी।

इसी बीच में मुस्लिम लीग की स्थापना हुई और मुसलमानों के लिए अलग प्रतिनिधित्व माँगा जाने लगा। इसके अतिरिक्त मुस्लिम बुद्धिजीवियों में एक खिलाफतवादी ग्रुप पैदा हो गया था, जिसका खिलाफत में विश्वास था और जो परम्परा के लिए इस्लामी देशों की ओर देखता था। वह हिन्दुस्तान को अपना देश और उसकी परम्परा को अपनी परम्परा नहीं समझता था। अंजुमने हिमायते इस्लाम लाहौर ऐसे ही बुद्धिजीवियों का संगठन था। इकबाल की इस संगठन में विशेष दिलचस्पी थी और वह अंजुमने हिमायते इस्लाम के वार्षिक अधिवेशनों में कविता पढ़ा करते थे।

इकबाल ने योरुप में जो कुछ देखा था, उसके कारण देश-भक्ति से उनका विश्वास उठ गया था। उनका खयाल था कि योरुप के साम्राज्यवादियों ने अपनी स्वार्थ-सिद्धि के लिए 'राष्ट्रवाद' और 'देश-भक्ति' का चोला ओढ़ रखा है और उन्होंने भोली-भाली जनता को भ्रम में डालने के लिए 'वतन का नया बुत'—नया देवता खड़ा किया है। 'देश' की सीमाएँ निर्धारित करके उन्होंने मानवता को राष्ट्रों में बाँट दिया है और शक्तिशाली राष्ट्र कमजोर राष्ट्रों को अपना गुलाम बना रहे हैं। इसके विपरीत मजहब और विशेषकर इस्लाम इन सीमाओं को नहीं मानता। वह हर प्रकार के भ्रमों और अन्ध-विश्वासों—अर्थात् बुतों को तोड़कर दुनिया भर के मनुष्यों में एकता और भ्रातृ-भाव स्थापित करता है:

इन ताज़ा खुदाओं में बड़ा सबसे वतन है,
जो पैरहन उसका है वह मज़हब का कफ़न है।

इसलिए इकबाल मुसलमान को कहते हैं कि वह इस देश-भक्ति के धोखे में न आये :

यह बुत के तराशीदए-तहज़ीबे नबी है,
ग़ारतगरे काशानए-दीने नबवी है।
बाज़ू तिरा तहज़ीब की कुव्वत से कवी है,
इस्लाम तिरा देस है तू मुस्तफवी है॥
न ज़्ज़ार-रा देरीना ज़माने को दिखा दे,
ऐ मुस्तफवी खाक में इस बुत को मिला दे।

इकबाल ने जिस जोश से कभी 'सारे जहाँ से अच्छा हिन्दुस्ताँ हमारा' कहा था (और मैं समझता हूँ कि भावुकता में बहकर गलत कहा था क्योंकि अपना देश अच्छा सही, पर सारे जहाँ से अच्छा कहने से एक मिथ्या धारणा उत्पन्न होती है), उसी जोश से अब इस भाव को रद्द करके 'तरानए हिन्दी' के बजाय 'तरानए मिल्ली' लिखा :

चीनो अरब हमारा, हिन्दुस्ताँ हमारा,
मुस्लिम हैं हम, वतन है सारा जहाँ हमारा।

जब इस्लाम देश ठहरा तो उसे सारी दुनिया में फैलाने और जहाँ भर को एक वतन बना देने ही को इकबाल ने जीवन की विषमताओं का एकमात्र हल समझा।

लेकिन इतिहास की दिशा इसके उलट थी। सबसे बड़ा इस्लामी साम्राज्य तुर्की चुरमुरा कर टूट रहा था। एक अर्सा से रूस, जर्मनी, फ्रांस और इंगलैंड की आँखें उस पर लगी हुई थीं। इकबाल के हिन्दुस्तान लौटने के दो-ढाई साल बाद ही इटली ने तुर्की से अपना द्वीप सिसली छीन लिया। इसके तुरन्त बाद योरुप के बल्कान देशों बल्गारिया, रोमानिया आदि ने जो मुद्दत से तुर्की के आधीन थे, विद्रोह की पताका लहराई और घोर संघर्ष के बाद बरसों की गुलामी से मुक्ति प्राप्त की। दुनिया भर के मुसलमान तुर्की के सुल्तान को

अपना खलीफा मानते थे और इकबाल ने भी अब इस्लाम ही को अपना देश और राष्ट्र समझ लिया था, इसलिए वह बल्कान के लोगों की आजादी पर खुश होने के बजाय विक्षुब्ध हो उठे और खुदा से 'शिकवा' किया कि तेरे मुसलमान जिन्होंने संसार में एकेश्वरवाद के झण्डे गाड़े, आज इस प्रकार परास्त क्यों हो रहे हैं ? वे दरिद्र और पिछड़े हुए क्यों हैं ? अगर वे न रहेंगे तो दुनिया में तुम्हारा नाम लेने वाला कौन रहेगा ?

बनी अग़यार की अब चाहने वाली दुनिया,
रह गई अपने लिए एक ख़याली दुनिया,
हम तो रुख़सत हुए औरों ने सम्भाली दुनिया,
फिर न कहना हुई तौहीद से ख़ाली दुनिया,
हम तो जीते हैं कि दुनिया में तिरा नाम रहे,
कहीं मुमकिन है कि साक़ी न रहे जाम रहे ।।

यह कविता अंजुमने हिमायते इस्लाम के जलसा में पढ़ कर सुनाई गई थी और कहते हैं कि श्रोताओं की आँखों से बे-अख्तियार आँसू बह निकले थे। 'जवाबे-शिकवा' भी इसी सिलसिला की कड़ी है। इकबाल मुसलमानों से कहते हैं कि अपने आपको पहचानो, दुनिया में जो कुछ है वह सब तुम्हारे ही लिए है, दिल से हर प्रकार का भय निकाल दो। दरिया में कूद पड़ो, लहरों से लड़ो और चट्टानों से टकरा जाओ :

दश्त तो दश्त हैं, दरिया भी न छोड़े हमने,
बहरे जुल्मात में दौड़ा दिये घोड़े हमने ।

धीरे-धीरे इकबाल ने उर्दू में लिखना बिल्कुल ही छोड़ दिया और सिर्फ फारसी में लिखने लगे। कारण यह कि वह मुसलमानों में आत्म-विश्वास और स्वाभिमान की भावना जगाकर उनमे एकता और कर्मठता लाना चाहते थे और फारसी ऐसी भाषा थी जो लगभग सभी इस्लामी देशों में समझी जाती थी। दूसरे इकबाल के जो अब दार्शनिक विचार थे उन्हें फारसी में

व्यक्त करना सहज था। फारसी में उन्होंने कविता की चार किताबें 'इसरारे खुदी', 'रमूजे खुदी', 'पयामे मशरिक' और 'जावेद नामा' लिखीं। इनका मुख्य स्वर यह है कि मुसलमान भाग्य के चक्कर में न पड़ें, स्वाभिमान (खुदी) को बुलन्द करके अपनी किस्मत आप बनायें। यही भाव उर्दू के एक शेर में इस प्रकार व्यक्त हुआ है :

खुदी को कर बुलन्द इतना कि हर तक़दीर से पहले,
खुदा बन्दे से खुद पूछे बता तेरी रज़ा क्या है ?

इकबाल आदर्शवादी थे, विचारों के अलग अस्तित्व और मनुष्य के चरित्र-निर्माण में उनकी असाधारण शक्ति और प्रभाव में उनका विश्वास था, इसलिए वह मुसलमानों को उनके उज्ज्वल अतीत की—खिलाफत के वैभव की-याद दिलाकर उन्हें फिर से शूरवीर और पराक्रमी बना देना चाहते थे। उन्होंने वैज्ञानिक ढंग से कभी यह नहीं सोचा था कि विचार भौतिक परिस्थितियों से उत्पन्न होते हैं। महान् साम्राज्यों और राष्ट्रों के उत्थान और पतन की तरह धर्मों के उत्थान और पतन के भी भौतिक और ऐतिहासिक कारण हैं। मुसलमानों के उत्थान और पतन के भी भौतिक और ऐतिहासिक कारण थे। सिर्फ पुराने वैभव और स्वाभिमान की याद दिलाने ही से पुराना वैभव फिर लौट आना सम्भव है, इस बात में पहले-पहल इकबाल को भी सन्देह था। उनके मन में भी यह प्रश्न उठता था कि बीता हुआ युग फिर लौटकर नहीं आ सकता। अपनी कविता "मुस्लिम" में जो सन् १९१२ में लिखी गई थी, वह महसूस करते हैं :

अहले महफिल तिरा पैग़ामे कुहन सुनते नहीं।

इस सन्देह के मन में उठते ही आधुनिक चेतना बोल उठती है :

जिन्दा फिर वह महफ़िले देरीना हो सकती नहीं।
शमअ से रोशन शबे दोशीना हो सकती नहीं॥

लेकिन उनका सूफीवाद अपने ही भीतर की इस आवाज को चुप कराने के लिए उच्च स्वर में बोल उठता है :—

हाँ यह सच है, चश्म बर अहदे कुहन रहता हूँ मैं,
अहले महफ़िल से पुरानी दास्ताँ कहता हूँ मैं।
यादे अहदे रफ्ता मेरी खाक को अक्सीर है,
मेरा माज़ी मेरे इस्तक़बाल की तफ़सीर है।।

सामने रखता हुँ इस दौरे नशात-अफ़ज़ा को मै,
देखता हूँ दौश के आईने में फ़रदा को मैं।

अतएव इकबाल ने अतीत के गीत गाना जारी रखा और इस्लाम के पुनरुत्थान में पीड़ित मानवता की मुक्ति को अपना विश्वास बना लिया। यह सिर्फ इकबाल ही की बात नहीं थी, कांग्रेसी नेता भी अतीत के वैभव और रामराज्य ही की बात करते थे और राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त ने भी 'भारत भारती' में अतीत ही का गुण गान किया है। राष्ट्रवाद अपने प्रारम्भिक काल में अपने पुराने गौरव और परम्परा की ओर देखा ही करता है। लेकिन पुनरुत्थान की इस भावना से साम्प्रदायिकता की भावना भी पनपी, जिसके परिणामस्वरूप हिन्दू और मुसलमानों ने अलग-अलग दिशाओं में देखना शुरू किया।

इकबाल ने दो-ढाई साल बाद ही गवर्नमेंट कालेज की मुलाजमत से इस्तीफा दे दिया और सार्वजनिक कार्यों में भाग लेने लगा। सन् १९१४ में प्रथम विश्वयुद्ध शुरू हुआ और उसके परिणामस्वरूप रूसमें महान् मजदूर क्रान्ति हुई। जिसमें इकबाल ने मजदूर की बदलती हुई किस्मत को देखा :—

नस्ल, क़ौमीयत, कलीसा, सल्तनत, तहज़ीब, रंग,
"ख्वाजगी" ने खूब चुन-चुनकर बनाये मस्करात।
कट मरा नादाँ ख्याली देवताओं के लिए,
सुक्र की लज़्ज़त में तो लुटवा ग़या नक्दे हयात।।

मक्र की चालों से बाज़ी ले गया सरमायादार,
इन्तहाये सादगी में खा गया मज़दूर मात।
उठ कि अब बज़्मे जहाँ का और ही अन्दाज़ है,
मशरिक़ो मग़रिव में तेरे दौर का आगाज़ है।

यह ठीक है कि शासक और शोपक वर्ग ने श्रमजीवी जनता में जाति, धर्म और रंगभे आदि के नाना भ्रम पैदा कर रखे थे, जो उन्हें संगठित होने से रोक रहे थे। रूस की महान् क्रान्ति इन भ्रमों को सदा के लिए खत्म करने वाली थी, इसीलिए इकबाल ने हृदय से उसका स्वागत किया :

आफ़तावे ताज़ा पैदा बत्ने गेती से हुआ,
आस्माँ डूबे हुए तारों का मातम कब तलक।

लेकिन इस स्वागत के बावजूद उन्होंने इस 'आफतावे ताजा'— नए सूर्य्य से मनोगत अन्ध-विश्वास को खत्म करने के लिए काफी प्रकाश ग्रहण नहीं किया और वह खुद इसके बाद भी डूबे हुए तारों का मातम करते रहे।

इक़बाल सन् १९२६ में लाहौर के मुस्लिम हल्का से पंजाव कौंसिल के सदस्य निर्वाचित हुए। इस बीच में मुसलमानों की पुरानी संस्था मुस्लिम लीग फिर से संगठित हुई (जो सन् १९१६ के बाद खत्म हो गई थी) और सन् १९३० में इसका वार्षिक अधिवेशन इलाहाबाद में हुआ, जिसके अध्यक्ष इकबाल चुने गये। चूँकि अब वह इस्लाम को देश और मजहब को कौम की बुनियाद समझते थे, इसलिए अध्यक्ष-पद से अपने भाषण में उन्होंने जो बातें कहीं उससे पाकिस्तान के निर्माण का भाव उत्पन्न होता है।

इक़बाल को अब अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त हो चुकी थी। प्रोफेसर निकलसन ने आपके फारसी महाकाव्य "इसरारे खुदी" का अंग्रेजी में अनुवाद किया था। इस ख्याति को देखते हुए अंग्रेजी सरकार ने उन्हें सर की उपाधि प्रदान की और कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी ने उन्हें अपने दार्शनिक विचारों पर भाषण करने के लिए निमन्त्रित किया। इंगलैंड के इस दौरा से लौटते हुए

उन्होंने रोम में मुसोलिनी से भी भेंट की और उसके व्यक्तित्व से प्रभावित होकर कविता लिखी। इससे पहले वह लेनिन और मार्क्स पर भी कविताएँ लिख चुके थे। इसका अर्थ यह है कि वह हरएक कर्मशील व्यक्ति का स्वागत करते थे और अपने आदर्शवादी चिन्तन के कारण उन्हें इतिहास के निर्माता समझते थे। मार्क्स, लेनिन और मुसोलिनी के पीछे जो सामाजिक शक्तियाँ थीं, उन्हें वह नहीं समझ पाये थे। यही कारण है कि उनके चिन्तन में असंगतियाँ मिलती हैं। वह इस्लाम का पुनरुत्थान भी चाहते हैं और रूस की मजदूर क्रान्ति का स्वागत भी करते हैं। उनकी कविता में फासिस्तवाद का स्वर भी मिलता है और शोषित जनता के प्रति सहानुभूति भी प्रकट होती है। उन्होंने जन-क्रान्ति-लोक-तन्त्र की चाप सुनी और हर नक्शे-कुहन (प्रत्येक पुराने चिन्ह) को मिटाने की बात कही, लेकिन अपने अपूर्ण चिन्तन के कारण खुद ही पुराने चिन्हों में कल्पना का रंग भर कर उन्हें उभारा और निस्संदेह उनके काव्य से देश को विभाजित करने वाली साम्प्रदायिकता को बल मिला।

इन असंगतियों के बावजूद कहना पड़ेगा कि इकबाल न तो फासिस्टवादी थे और न साम्प्रदायिकतावादी थे। जब वह इस्लाम का पुनरुत्थान चाहते थे और मुसलमानों को सम्बोधित करके लिखते थे, तब भी उन्होंने रामचन्द्र, स्वामी रामतीर्थ और गुरू नानक पर कविताएँ लिखी हैं। मुसलमान से प्रेम करते थे, लेकिन विधर्मी के लिए उनके मन में घृणा नहीं थी। हमें उनके प्रारम्भिक काल की एक कविता "जुहद और रिन्दी" याद आती है। इस कविता में उनका पड़ौसी मौलवी इस बात पर कुढ़ता है कि इकबाल हिन्दू को काफिर नहीं समझता और मुसलमान हो के राग को इबादत में शामिल समझता है :

मजमूआ-ए-इज़दाद है, इक़बाल नहीं है,
दिल दफ्तरे हिकमत है, तबीयत ख़फ़क़ानी।

उन्होंने उम्र भर इस मौलवी को अपना पड़ोसी और भावना को बुद्धि का संरक्षक बनाये रखा, जिसके कारण वह अपने चिन्तन की असंगतियों को हल नहीं कर सके और सदा ही मजमूआ-ए इजदाद (असंगति-संग्रह) बने रहे। अतएव उन्होंने अपने पड़ोसी मौलवी को जो उत्तर दिया था, उसे हम आज भी दोहरा सकते हैं :

इक़बाल भी इक़बाल से आगाह नहीं है,
कुछ इसमें तमस्खर नहीं, वअल्लाह नहीं है।

२१ अप्रेल सन् १६३८ को लाहौर में इकबाल का देहान्त हुआ तो सारे देश में उनका शोक मनाया गया।

सन् १६३० के आस-पास जब हमारे देश में समूचे तौर पर आदर्शवाद सीमाएँ टूट रही थीं, इकबाल ने फिर उर्दू में लिखना शुरू किया। बांग-ए-दरा के बहुत अर्सा बाद उर्दू कविता के उनके दो और संग्रह "जर्बे कलीम" अर्थात् आधुनिक व्यवस्था के विरुद्ध युद्ध की घोषणा और "बाल-ए जब्रील" उनके जीवन ही में प्रकाशित हुए। इन दोनों में बाले जब्रील का महत्त्व अधिक है क्योंकि इसमें उन्होंने मुसलमानों के बजाय दरिद्र और पीड़ित मानवता को सम्बोधित किया है और 'उट्ठो मिरी दुनिया के गरीबों को जगा दो' का स्वर सुनाई देता है।

सैद्धान्तिक भेद चाहे कुछ भी हो, मगर इकबाल को महान् कवि मानने से कोई भी इनकार नहीं कर सकता। भाषा और विचार में जो सामंजस्य इकबाल के यहाँ है वह किसी दूसरे शायर में कम मिलेगा। जो शब्द जहाँ रख दिया है, वह इतना फिट बैठा है कि नगीने के सदृश वहीं जम गया है और उठाये नहीं उठता। यह दूसरी बात है कि जब देश-भक्ति और राष्ट्र के बारे में उनके विचार बदल गये थे तो उनकी उर्दू शायरी में फारसी और अरबी का प्रयोग अधिक होने लगा और उनके प्रतीक और उपमाओं को भी सिर्फ

वही व्यक्ति समझ पाता है जो मुस्लिम धर्म, उसकी परम्परा और उसके इतिहास से परिचित है, लेकिन इससे उनकी कला में कोई अन्तर नहीं आया। उनकी सरल और सुबोध कविता जो देश-भक्ति की भावनाओं से ओत-प्रोत है, बाँग-ए-दरा ही में मिलती है और उर्दू में वही उनकी सर्वोत्तम कविता है। हम बाँग-ए-दरा हिन्दी पाठकों की सुविधा के लिए देवनागरी लिपि में समुचित अर्थों और व्याख्या के साथ प्रस्तुत करते हैं।

नवीन शाहदरा, दिल्ली
१२–१–६०

हंसराज रहबर

बाँगे-दरा

भाग १

(............१९०५ तक)

हिमाला

ए हिमाला, ए फ़सीले-किश्वरे-हिन्दोस्ताँ[1],
चूमता है तेरी पेशानी[2] को झुककर आस्माँ,
तुझ में कुछ पैदा नहीं देरीना-रोज़ी[3] के निशाँ
तू जवाँ है गरदिशे-शामो-सहर[4] के दरमियाँ,
एक जलवा था कलीमे-तूरे-सीना[5] के लिए,
तू तजल्ली[6] है सरापा[7], चश्मे-बीना[8] के लिए।

इम्तिहाने-दीदा-ए-ज़ाहिर[9] में कोहिस्ताँ है तू,
पास्बाँ[10] अपना है तू, दीवारे-हिन्दुस्ताँ है तू,
मतला-ए-अव्वल[11], फ़लक[12] जिसका हो वह दीवाँ है तू
सूए-खलवत-गाहे-दिल[13] दामन कशे[14] इन्साँ है तू,
बर्फ ने बाँधी है दस्तारे-फजीलत[15] तेरे सर,
खंदा-ज़न[16] है जो कुलाहे-महरे-आलमताब[17] पर।

तेरी-उम्रे-रफ्ता की इक आन है अहदे-कुहन[18],
वादियों में हैं तिरी काली घटायें खेमाज़न[19]—,
चोटियाँ तेरी सुरय्या[20] से हैं सरगमे सुखन[21],
तू जमीं पर और पहना-ए-फ़लक[22] तेरा वतन,
चश्मा-ए-दामन[23] तिरा आयना-ए-सय्याल[24] है,
दामने-मौजे-हवा जिसके लिए रूमाल है।

---

१. हिन्दोस्तान देश २. माथा ३. बुढ़ापा ४. सुबह शाम की गति ५. कलीम, हजरत मूसा का नाम, तूर, वह पहाड़ जिस पर खुदा ने मूसा को जलवा दिखाया था। ६. प्रकाश ७. सिर से पाँव तक ८. देखने वाली आँख ९. प्रत्यक्ष रूप में १०. रखवाला ११. गजल का पहला शैर १२ आकाश १३. मन के एकान्तवास की ओर १४. इंसान का दामन खींचने वाला १५. श्रेष्ठता की पगड़ी १६. व्यंग्य करना १७. दुनिया को प्रकाशित करने वाले सूरज की टोपी पर १८. प्राचीन काल १९. खेमा लगाए हुए २०. सप्त ऋषि २१. बात चीत में मग्न २२. आकाश का विस्तार २३. दामन का स्रोत २४. पिघला हुआ आयना।

अब्र के हाथों में रहवारे-हवा[1] के वास्ते,
ताज़याना[2] दे दिया बर्के-सरे कोहसार[3] ने,
ऐ ! हिमाला कोई बाजी-गाह[4] है तू भी जिसे,
दस्ते-कुदरत ने बनाया है अनासिर[5] के लिए,
हाय ! क्या फ़र्ते-तरब[6] में भूमता जाता है अब्र[7],
फ़ीले-बे-ज़ंजीर[8] की सूरत उड़ा जाता है अब्र।

जुम्बिशे-मोजे-नसीमे-सुबह[9] गहवारा बनी,
भूमती है नश्शा-ए-हस्ती[10] में हर गुल की कली,
यों जुबाने-बर्ग[11] से गोया है उसकी खामुशी,
दस्ते-गुलचीं की झटक मैंने नहीं देखी कभी,
कह रही है मेरी खामोशी ही अफ़साना मिरा,
कुंजे-खलवत-खाना-ए-कुदरत[12] है काशाना मिरा।

आती है नद्दी फ़राजे-कोह[13] से गाती हुई—
कौसरो-तस्नीम[14] की मौजों को शर्माती हुई,
आयना सा शाहिदे-कुदरत[15] को दिखलाती हुई,
संगे-रह[16] से गाह बचती गाह टकराती हुई,
छेड़ती जा इस इराके-दिल-नशीं[17] के साज़ को,
ऐ, मुसाफ़िर ! दिल समझता है तिरी आवाज को।

---

१. हवा का घोड़ा २. कोड़ा ३. पहाड़ की चोटी की बिजली ४. खेल का मैदान ५. तत्त्व ६. उल्लास की अधिकता ७. बादल ८. बिना जंजीर के हाथी ९. प्रातःकाल की हवा की लहर १०. अस्तित्व का नशा ११. पत्ते की जुबान १२. प्रकृति के एकान्तवास का कोना १३. पहाड़ की ऊँचाई १४. स्वर्ग के दो स्रोत १५. प्रकृति की प्रेमिका १६, मार्ग का पत्थर ४०. मन को मोह लेने वाला राग।

लेला-ए-शब[१] खोलती है आके जब-ज़ुल्फे-रसा[२],
दामने-दिल खींचती है आबशारों[३] की सदा[४],
वह खमोशी शाम की जिस पर तकल्लुम[५] हो फ़िदा
वह दरख़्तों पर तफ़क्कुर[६] का समाँ छाया हुआ,
काँपता फिरता है क्या रंगे-शफ़क़[७] कोहसार पर,
खुशनुमा लगता है यह ग़ाज़ा तिरे रुख़सार पर।

ऐ हिमाला ! दास्ताँ उस वक्त की कोई सुना,
मसकने-आबा-ए-इंसाँ[८] जब बना दामन तिरा,
कुछ बता उस सीधी-सादी ज़िंदगी का माजरा,
दाग़ जिस पर ग़ाज़ा-ए-रंगे-तकल्लुफ़ का न था,
हाँ, दिखादे ऐ तसव्वुर फिर वह सुबहो-शाम तू,
लौट पीछे की तरफ़ ऐ गर्दिशे-अय्याम[९] तू।

✧ ✧

१. रात की लैला २. लम्बे केश ३. जलपात ४. आवाज ५. सम्भाषण ६. चिन्तन ७. उषा की लालिमा ८. मनुष्य के पूर्वजों के रहने का स्थान ९. जमाने की गति।

गुले-रंगीं[1]

तू शनासा-ए-ख़राशे-उक़दा-ए-मुश्किल[2] नहीं,
ऐ ! गुले-रंगीं तिरे पहलू में शायद दिल नहीं,
ज़ेबे-महफ़िल[3] है शरीके-शोरिशे-महफ़िल[4] नही,
यह फ़राग़त[5] बज़्मे-हस्ती[6] में मुझे हासिल नहीं,
इस चमन में मैं सरापा सोजो-साजे[7] आर्जू,
और तेरी जिंदगानी बेगुदाज़े[8] आर्जू ।

तोड़ लेना शाख़ से तुझ को मिरा आईं[9] नहीं,
यह नज़र ग़ैर अज़ निगाहे-चश्मे-सूरत-बीं[10] नहीं,
आह ! यह दस्ते जफ़ा जू[11] ऐ गुले-रंगीं नहीं,
किस तरह तुमको यह समझाऊँ कि मैं गुलचीं नहीं,
काम मुझको दीदा-ए- हिक्मत[12] के उलझेड़ों से क्या,
दीदा-ए-बुलबुल से मैं करता हूँ नज़्ज़ारा तिरा ।

---

१. रंगीन फूल २. कठिन समस्या को हल करने की वेदना से परिचित ३. महफिल की सजावट ४. दुनिया की हलचल में शामिल ५. अवकाश ६. दुनिया ७. अभिलाषा का विकलता ८. कांक्षा के स्वाद से रहित ९. दस्तूर १०. रूप देखने वाली आँख के अतिरिक्त ११. अत्याचारी हाथ १२. दार्शनिक आँख ।

सौ ज़ुबानों पर भी खामोशी तुझे मंज़ूर है,
राज़ वह क्या है तिरे सीने में जो मस्तूर[१] है,
मेरी सूरत तू भी इक बर्गे-रयाज़े[२] तूर है,
मैं चमन से दूर हूँ तू भी चमन से दूर है,
मुतमईन है तू, परेशां मिस्लेबू[३] रहता हूँ मैं,
ज़ख़्मी-ए-शमशीरे-ज़ौके-ज़ुस्तजू[४] रहता हूँ मैं।

यह परेशानी मिरी सामाने-जमियत[५] न हो,
यह जिगर[६] सोज़ी चिरागे-खाना-ए-हिकमत[७] न हो,
नातवानी[८] ही मिरी सरमाय-ए-कुव्वत[९] न हो,
रश्के-जामे-जम[१०] मिरा आईना-ए-हैरत न हो,
यह तलाशे-मुसलसिल[११], शम्ए-जहां[१२] अफ़रोज़ है,
तौसने-इद्राके-इन्सां[१३] को खराम-आमोज़[१४] है।

---

१. छिपा हुआ २. तूर के बाग का पत्ता ३. सुगन्ध की भाँति ४. जिज्ञासा की तलवार का घायल ५. संतोष की सामग्री ६. वेदना, जलन ७. बुद्धि के घर का चिराग ८. दुर्बलता ९. शक्ति की पूंजी १०. जमशेद के प्याले को शर्माने वाला ११. लगातार खोज १२. दुनिया को प्रकाशित करने वाली समझ १३. समझ का अश्व १४. चाल सिखाने वाला।

अहदे-तिफ़ली[1]

वे दयारे-नो जमीनो-आस्माँ[2] मेरे लिए,
वुस्अते-आग़ोशे-मादर[3] इक जहाँ मेरे लिए,
थी हरइक जुम्बिश[4] निशाने लुत्फ़े जाँ[5] मेरे लिए,
हर्फ़े-बे-मतलब[6] थी खुद मेरी जुबाँ मेरे लिए,
दौरे-तिफ़ली में अगर कोई रुलाता था मुझे,
शोरिशे-जंजीरे-दर[8] में लुत्फ़ आता था मुझे।

तकते रहना, हाय ! वह पहरों तलक सूऐ-कमर[9],
वह फ़टे बादल में बे-अवाज़े-पा[10] उसका सफ़र,
पूछना रह-रह के उसके कोहो-सहरा[11] की खबर,
और वह हैरत दरोग़े-मस्लेहत[12] आमेज़ पर,
आँख वक़्फ़े-दीद[13] थी लब मायले-गुफ्तार[14] था,
दिल न था मेरा सरापा ज़ौक़े-इस्तफ़सार[15] था।

◈ ◈

---

१. बचपन २. नई दुनिया ३. माँ की गोद का विस्तार ४. हरकत ५. प्राणदायक चिन्ह ६. निरर्थक अक्षर ७. बचपन का जमाना ८. दरवाजे की कुंडी की झंकार ९. चांद की ओर १०. बिना चाप के ११. पहाड़ और जंगल १२. वह झूठ जिसमें भलाई छिपी हो १३. देखने में व्यस्त १४. बोलने को तैयार १५. पूछने और जानने का शौक।

मिर्ज़ा ग़ालिब

फ़िक्रे-इन्साँ पर तिरी हस्ती से यह रोशन हुआ
है परे-मुर्गे-तख़य्युल[१] की रसाई[२] ता-कुजा[३]
था सरापा रूह तूँ, बज़्मे-सुखन[४] पैकर[५] तिरा,
ज़ेबे-महफ़िल भी रहा, महफ़िल से पिनहा[६] भी रहा।

दीद तेरी आँख को उस हुस्न की मन्ज़ूर है
बन के सोज़े-जिंदगी हर शै में जो मस्तूर है।

महफ़िले-हस्ती तिरी बरबत से हैं सर्मायादार
जिस तरह नद्दी के नग़मों से सकूते-कोहसार[८]
तेरे फिरदौसे-तख़य्युल[९] में है कुदरत की बहार
तेरी किश्ते-फ़िक्र[१०] से उगते है आलम सब्ज़ाज़ार

जिंदगी मुज़मर[११] है तेरी शोखी-ए-तहरीर में,
ताबे-गोयाई[१२] से जुम्बिश है लबे तस्वीर में।

नुत्क़[१३] को सौ नाज़ है तेरे लबे-एजाज़[१४] पर
महवे-हैरत[१५] है सुरय्या रिफ़अते-परवाज़[१६] पर
शाहिदे-मज़मूँ[१७] तसद्दुक़[१८] है तिरे अन्दाज पर
खंदाज़न है ग़ुन्च-ए-दिल्ली, गुले-शीराज़ पर

---

१. कल्पना के पंछी का पंख २. पहुँच ३. कहाँ तक ४. शायरी की महफिल ५. शरीर ६. छिपा ७. जिंदगी का दर्द ८. पहाड़ की निस्तब्धता ९. कल्पना-स्वर्ग १०. चिंतन की खेती ११. निहित १२. रचना की शोखी १३. बोलने की शक्ति १४. जवान १५. जादू करने वाले होंठ १६. आश्चर्य चकित १७. उड़ान की बुलन्दी १८. सरस्वती १६ न्यौछावर।

आह ! तू उजड़ी हुई दिल्ली में आरामीदा[१] है ।।
गुलशने वेमर[२] में तेरा हमनवा[३] ख्वाबीदा[४] है ।।

लुत्फ़े-गोयाई में तेरी हमसरी[५] मुमकिन नहीं
हो तख़य्युल का न जब तक फ़िक्रे-कामिल[६] हमनशीं
हाय ! अब क्या हो गई हिन्दोस्ताँ की सरज़मीं,
आह ! ऐ, नज़्ज़ारा-आमोज़े-निगाहे-नुकताचीं[७]
गेसु-ए-उर्दू अभी मन्नत-पज़ीरे-शाना[८] है,
शम्अ यह सौदाई-ए-दिल-सोज़ी-ए-परवाना[९] है।

ऐ जहानाबाद[१०], ऐ गहवारा-ए-इल्मो-हुनर[११],
हैं सरापा नाला-ए-ख़ामोश[१२] तेरे बामो-दर
ज़र्रे-ज़र्रे में तिरे ख़्वाबीदा हैं शम्सो-क़मर[१३],
यों तो पौशीदा हैं तेरी ख़ाक में लाखों गुहर,
दफ्न तुझ में कोई फ़ख़्रे-रोज़गार ऐसा भी है ?
तुझ में पिनहा कोई मोती आबदार ऐसा भी है ?

१. दफन २. जर्मनी का एक नगर जहाँ गोयटे दफन है ३. समकालीन ४. सोया हुआ ५. शैली ६. बराबरी ७. परिपक्क चिंतन ८. आलोचक आँख को नज्जारा दिखाने वाली ९. कंधे का जरूरतमंद १०. परवाने की लगन पर मस्त ११. दिल्ली का पुराना नाम १२. विद्या और कला का गहवारा १३. मूक रुदन १४. चाँद सूरज ।

अब्र-कोहसार[1]

है बुलन्दी से फ़लक-बोस[2] नशेमन मेरा,
अब्रे-कोहसार हूँ गुलपोश[3] है दामन मेरा,
कभी सहरा, कभी गुलज़ार है मस्कन मेरा,
शहरो-वीराना मिरा, बहर[4] मिरा बन मेरा।

किसी वादी में जो मंजूर हो सोना मुझको,
सब्ज़ा-ए-कोह[5] है मख़मल का बिछौना मुझको।

मुझको कुदरत ने सिखाया है दुराफ़शाँ[6] होना,
नाक़ा-ए-शाहिदे-रहमत[7] का हुदीख़्वाँ[8] होना,
ग़म-ज़दा-ए-दिले-अफ़सुर्दा-ए-देहक़ाँ[9] होना,
रौनक़े-बज़्मे-जवानाने-गुलिस्ताँ[10] होना।

बन के गेसू रुखे-हस्ती पे बिखर जाता हूँ,
शाना-ए-मोजा-ए-सरसर से संवर जाता हूँ।

दूर से दीदए-उम्मीद को तरसाता हूँ,
किसी बस्ती से जो ख़ामोश गुज़र जाता हूँ,
सैर करता हुआ जिस दम लबे-जू आता हूँ,
बालियाँ नहर को गिर्दाब की पहनाता हूँ।

---

१. पर्वत का बादल २. आकाश को चूमने वाला ३. फूलों से ढका हुआ ४. समुद्र ५. पहाड़ का सब्जा ६. मोती बिखेरना ७. प्रकृति की प्रेमिका की ऊँटनी ८. गीत जो काफिले के रवाना होते वक्त गाया जाता है ९. दुखी किसान के प्रति संवेदनाशील १०. जवानों की महफिल की रौनक ११. हवा की कंघी।

सब्ज़ा-ए-मज़रा-ए-नौख़ेज़ की उम्मीद हूँ मैं,
ज़ादा-ए-बहर[२] हूँ परवर्दा-ए-ख़ुरशीद[३] हूँ मैं।

चश्मा-ए-कोह को दी शोरिशे-कुलज़ुम[४] मैंने,
और परिन्दों को किया महवे-तरन्नुम[५] मैंने,
सर पे सब्ज़े के खड़ होके कहा क़ुम[६] मैंने,
ग़ुंचा-ए-गुल को दिया ज़ौक़े-तबस्सुम[७] मैंने।

फ़ैज़ से मेरे नमूने हैं शबिस्तानों के,
झोंपड़े दामने-कोहसार में दहक़ानों के।

---

१. नवांकुरित खेती २. समुद्र से पैदा ३. सूरज का पाला हुआ ४. समुद्र की हलचल ५. चहचहाया ६. कुरान के अनुसार हजरत ईसा का शब्द जिससे मुर्दे जी उठते थे ७. मुस्कराने का शौक ८. दया ९. महल, रात का विश्राम-गृह।

एक मकड़ा और मक्खी

(बच्चों के लिये)

इक दिन किसी मक्खी से यह कहने लगा मकड़ा,
इस राह से होता है गुज़र रोज तुम्हारा।
लेकिन मिरी कुटिया की न जागी कभी किस्मत,
भूले से कभी तुम ने यहाँ पाँव न रक्खा।
ग़ैरों से न मिलिये तो कोई बात नहीं है,
अपनों से मगर चाहिये यों खिंच के न रहना।
आओ जो मिरे घर में तो इज़्ज़त है यह मेरी,
वह सामने सीढ़ी है जो मंजूर हो आना।
मक्खी ने सुनी बात जो मकड़े की तो बोली,
हज़रत ! किसी नादान को दीजियेगा यह धोखा।
इस जाल में मक्खी कभी आने की नहीं है,
जो आप की सीढ़ी पे चढ़ा फिर नहीं उतरा।
मकड़े ने कहा, वाह ! फ़रेबी मुझे समझे,
तुम सा कोई नादान ज़माने में न होगा।
मंजूर तुम्हारी मुझे ख़ातिर थी वगरना,
ठहरो जो मिरे घर में तो है इसमें बुरा क्या।
इस घर में कई तुम को दिखाने की है चीज़ें,
बाहर से नज़र आता है छोटी-सी यह कुटिया।
लटके हुए दरवाजे पे बारीक है पर्दे,
दीवारों को आईनों से है मैंने सजाया।
मेहमान के आराम को हाज़िर हैं बिछौने,
हर शख़्स को सामाँ यह मयस्सर नहीं होता।
मक्खी ने कहा, ख़ैर ! यह सब ठीक है लेकिन,
मैं आपके घर आऊँ यह उम्मीद न रखना।

इन नर्म बिछौनों से खुदा मुझको बचाए,
सो जाय कोई इन पे तो फिर उठ नहीं सकता।
मकड़े ने कहा दिल में, सुनी बात जो उसकी,
फ़ाँसू इसे किस तरह ? यह कमरूबत है दाना[१]।
सौ काम खुशामद से निकलते हैं जहाँ में,
देखो जिसे दुनिया में खुशामद का है बन्दा।
यह सोच के मक्खी से कहा उसने बड़ी बी,
अल्लाह ने बख़्शा है बड़ा आप को रुतबा।
होती है उसे आपकी सूरत से मुहब्बत,
हो जिसने कभी एक नज़र आपको देखा।
आँखें है कि हीरे की चमकती हुई कनियाँ,
सर आपका अल्लाह ने कलग़ी से सजाया।
यह हुस्न, ये पोशाक, ये खूबी, ये सफाई,
फ़िर इस पे क़यामत है यह उड़ते हुए गाना।
मक्खी ने सुनी जब यह खुशामद तो पसीजी,
बोली, कि नहीं आपसे मुझको कोई खटका।
इंकार की आदत को समझती हूँ बुरा मैं,
सच यह है कि दिल तोड़ना अच्छा नहीं होता।
यह बात कही और उड़ी अपनी जगह से,
पास आई तो मकड़े ने उछल कर उसे पकड़ा।
भूखा था कई रोज से, अब हाथ जो आई,
आराम से घर बैठ के मक्खी को उड़ाया।

(अंग्रेजी कविता के आधार पर)

१. समझदार।

एक पहाड़ और गिलहरी

(रामर्सन से ली गई)

(बच्चों के लिये)

कोई पहाड़ यह कहता था इक गिलहरी से,
तुझे हो शर्म तो पानी में जाके डूब मरे।
ज़रा-सी चीज़ है, इस पर ग़रूर क्या कहना,
यह अक़्ल और यह समझ, यह शऊर क्या कहना।
खुदा की शान है नाचीज़, चीज़ बन बैठे !
जो बे-शऊर हों यों बातमीज़ बन बैठें।
तिरी बिसात है क्या मेरी शान के आगे ?
ज़मीं है पस्त मिरी आन-बान के आगे।

जो बात मुझ में है तुझ को वह है नसीब कहाँ
भला पहाड़ कहाँ जानवर ग़रीब कहाँ ?

कहा यह सुन के गिलहरी ने मुँह सम्भाल ज़रा
यह कच्ची बातें है, दिल से इन्हें निकाल ज़रा।
जो मैं बड़ी नहीं तेरी तरह तो क्या परवाह,
नहीं है तू भी तो आखिर मिरी तरह छोटा।
हर एक चीज़ से पैदा खुदा की कुदरत है,
कोई बड़ा कोई छोटा यह उसकी हिकमत है।
बड़ा जहान में तुझको बना दिया उसने
मुझे दरख़्त पे चढ़ना सिखा दिया उसने।
क़दम उठाने की ताक़त ज़रा नहीं तुझ में।
निरी बड़ाई है, खूबी है और क्या तुझ में।
जो तू बड़ा है तो मुझसा हुनर दिखा मुझको,
यह छालिया ही ज़रा तोड़ कर दिखा मुझको।

नहीं है चीज़ निकम्मी कोई जमाने में
कोई बुरा नहीं कुदरत के कारखाने में।

एक गाय और बकरी

(बच्चों के लिये)

इक चराहगाह हरी-भरी थी कहीं,
थी सरापा बहार जिसकी जमीं।
क्या समाँ उस बहार का हो बयाँ,
हर तरफ़ साफ़ नद्दियाँ थीं रवाँ।
थे अनारों के बेशुमार दरख़्त,
और पीपल का सायादार दरख़्त।
ठण्डी-ठण्डी हवाएँ आती थीं,
तायरों[1] की सदाएँ आती थीं।
किसी नदी के पास इक बकरी,
चरते-चरते कहीं से आ निकली।
जब ठहर कर इधर-उधर देखा,
पास इक गाय को खड़ा पाया।
पहले झुक कर उसे सलाम किया।
फ़िर सलीके से यों कलाम किया,
क्यों बड़ी बी मिज़ाज कैसे हैं।
गाय बोली कि ख़ैर अच्छे हैं
कट रही है बुरी-भली अपनी,
है मुसीबत में जिन्दगी अपनी।
जान पर आ बनी है क्या कहिये !
अपनी किस्मत बुरी है क्या कहिये !
देखती हूँ खुदा की शान को मैं,
रो रही हूँ बुरों की जान को मैं।

---

१. पक्षियों।

ज़ोर चलता नहीं ग़रीबों का,
पेश आया लिखा नसीबों का।
आदमी से कोई भला न करे,
इससे पाला पड़े खुदा न करे।
दूध कम दूँ तो बड़बड़ाता है,
हूँ जो दुबली तो बेच खाता है।

हथकड़ों से गुलाम करता है!
किन फरेबों से राम करता है।
उसके बच्चों को पालती हूँ मैं,
दूध से जान डालती हूँ मैं।
बदले नेकी के यह बुराई है,
मेरे अल्लाह! तिरी दुहाई है!!

सुन के बकरी यह माजरा सारा,
बोली, ऐसा गिला नहीं अच्छा।
बात सच्ची है बे-मज़ा लगती
मैं कहूँगी मगर खुदा लगती।
यह चरागाह, ये ठंडी-ठंडी हवा,
यह हरी घास और यह साया।

ऐसी खुशियाँ हमें नसीब कहाँ!
यह कहाँ बे-जुबाँ ग़रीब कहाँ!
यह मजे आदमी के दम से हैं
लुत्फ़ सारे इसी के दम से हैं।
उसके दम से है अपनी आबादी
क़ैद हम को भली कि आज़ादी?
सौ तरह का बनों में है खटका,
वाँ की गुज़रान से बचाए खुदा।

हम पे एहसान है बड़ा उसका,
हम को जेबा नहीं गिला उसका।
क़द्र आराम की अगर समझो,
आदमी का कभी गिला न करो।
गाय सुन कर यह बात शर्माई,
आदमी के गिले से पछताई।
दिल में परखा बुरा-भला उसने,
और कुछ सोचकर कहा उसने।
यों तो छोटी है ज़ात बकरी की
दिल को लगती है बात बकरी की।

बच्चे की दुआ

(बच्चों के लिए)

लब पे आती है दुआ बन के तमन्ना मेरी,
ज़िंदगी शम्अ की सूरत हो खुदाया मेरी
दूर दुनिया का मिरे दम से अँधेरा हो जाय,
हर जगह मेरे चमकने से उजाला हो जाय

हो मिरे दम से यों ही मेरे वतन की ज़ीनत,
जिस तरह फूल से होती है चमन की ज़ीनत।

ज़िंदगी हो मिरी पर्वाने की सूरत, यारब !
इल्म की शमा से हो मुझको मुहब्बत यारब !
हो मिरा काम ग़रीबों की हिमायत करना
दर्दमन्दों से, जईफ़ों से मुहब्बत करना

मेरे अल्लाह ! बुराई से बचाना मुझको
नेक जो राह हो उस राह पे चलाना मुझको।

हमदर्दी

(बच्चों के लिए)

टहनी पे किसी शजर[1] की तन्हा,
बुलबुल था कोई उदास बैठा।
कहता था कि रात सर पे आई,
उड़ने चुगने में दिन गुज़ारा।
पहुँचूं किस तरह आशियाँ तक,
हर चीज़ पर छा गया अँधेरा।
सुन के बुलबुल की आहो-जारी[2],
जुगनू कोई पास ही से बोला।
हाज़िर हूँ मदद को जानो-दिल से,
कीड़ा हूँ अगरचे मैं जरा सा।
क्या ग़म है जो रात है अँधेरी,
मैं राह में रोशनी करूँगा।
अल्लाह ने मुझको दी है मशअल,
चमका के मुझे दिया बनाया।
हैं लोग वही जहाँ में अच्छे,
आते हैं जो काम दूसरों के।

१. पेड़ २. रोना झीकना।

माँ का ख्वाब

(बच्चों के लिए)

मैं सोई जो इक शब[१] तो देखा यह ख्वाब,
बढ़ा और जिससे मिरा इज़्तराब[२]—।
यह देखा कि मैं जा रही हूँ कहीं,
अंधेरा है और राह मिलती नहीं।
लरज़ता था डर से मिरा बाल-बाल,
क़दम का दहशत से उठाना महाल।
जो कुछ हौसला पाके आगे बढ़ी,
तो देखा क़तार एक लड़कों की थी।
वह चुपचाप थे आगे पीछे रवाँ,
खुदा जाने जाना था उनको कहाँ?
इसी सोच में थी कि मेरा पिसर[३],
मुझे इस जमाअत में आया नजर।
वह पीछे था और तेज़ चलता न था,
दिया इसके हाथों में जलता न था।
कहा मैंने पहचान कर मेरी जाँ!
मुझे छोड़कर आ गए तुम कहाँ?
जुदाई में रहती हूँ मैं बेकरार,
पिरोती हूँ हर रोज अश्कों के हार।
न परवा हमारी जरा तुमने की,
गए छोड़, अच्छी वफ़ा तुमने की।

---

१. रात २. व्यग्रता ३. बेटा।

जो बच्चे ने देखा मिरा पेचो-ताब,
दिया उसने मुँह फेर कर यों जवाब।
रुलाती है तुझको जुदाई मिरी,
नहीं इसमें कुछ भी भलाई मिरी।
यह कहकर वह कुछ देर तक चुप रहा,
दिया फ़िर दिखाकर यह कहने लगा।
समझती है तू हो गया क्या इसे?
तिरे आँसुओं ने बुझाया इसे!

परिन्दे की फरियाद

(बच्चों के लिए)

आता है याद मुझको गुजरा हुआ ज़माना,
वह बाग़ की बहारें वह सब का चहचहाना।
आज़ादियाँ कहाँ वे अब अपने घोंसले की,
अपनी खुशी से आना, अपनी खुशी से जाना।
लगती है चोट दिल पर आता है याद जिस दम,
शबनम के आँसुओं पर कलियों का मुस्कराना।
वह प्यारी-प्यारी सूरत, वह कामनी-सी मूरत,
आबाद जिसके दम से था मेरा आशियाना।

आती नहीं सदायें उसकी मिरे कफ़स में,
होती मिरी रिहाई ए काश मेरे बस में।

क्या बदनसीब हूँ मैं घर को तरस रहा हूँ,
साथी तो हैं वतन में मैं कैद में पड़ा हूँ।
आई बहार, कलियाँ फूलों की हँस रही हैं,
मैं इस अँधेरे घर में किस्मत को रो रहा हूँ।

इस कैद का इलाही, दुखड़ा किसे सुनाऊँ,
डर है यहीं कफ़स में, मैं ग़म से मर न जाऊँ।

जब से चमन छुटा है यह हाल हो गया है,
दिल ग़म को खा रहा है, ग़म दिल को खा रहा है।
गाना इसे समझ कर खुश हों न सुनेने वाले,
दुक्खे हुए दिलों की फरियाद यह सदा है।

आज़ाद मुझको कर दे ओ कैद करने वाले!
मैं बे-जुबाँ हूँ कैदी तो छोड़कर दुआ ले।

खुफ्तगने-खाक से इस्तफसार[१]

महरे-रोशन[२] छुप गया उट्ठी नक़ाबे-रू-ए-शाम[३]
शाना-ए-हस्ती[४] पे है बिखरा हुआ गेसू-ए-शाम।
यह सियह-पोशी[५] की तैयारी किसी के ग़म में है
महफ़िले-कुदरत मगर खुरशीद[६] के मातम में है।
कर रहा है आस्माँ जादू लबे-गुफ्तार पर
साहिरे-शब[७] की नज़र है दीदा-ए-बेदार[८] पर।
ग़ोता-ज़न[९] दरिया-ए-खामोशी में है मोजे-हवा
हाँ ! मगर इक दूर से आती है आवाजे-दरा[१०]।
दिल कि है बेताबी-ए-उलफ़त[११] में दुनिया से नफूर
खींच लाया है मुझे हंगामा-ए-आलम से दूर।
मंज़रे-हिर्मा-नसीबी[१२] का तमाशाई हूँ मैं
हम-नशीने-खुफ्तगाने-कुंजे-तनहाई[१३] हूँ मैं।
थम जरा बेताबी-ए-दिल बैठ जाने दे मुझे
और इस बस्ती पे चार आँसू गिराने दे मुझे।
ऐ! मय-ए-गफ़लत के सरमस्तो कहाँ रहते हो तुम ?
कुछ कहो उस देस की आखिर जहाँ रहते हो तुम।

---

१. कब्र में सोये हुओं से सवाल २. सूरज ३. शाम के चेहरे की नकाब ४. संसार का कंधा ५. काला लिबास ६. सूरज ७. रात का जादूगर ८. जागृत आँख ९. डुबकी लगाये हुए १०. जरस की आवाज ११. घृणा करने वाला १२. दुर्भाग्य का दृश्य १३. कब्र में सोने वालों का साथी।

वह भी हैरत-खाना-ए-इमरोज़ो-फ़र्दा[1] है कोई ?
और पैकारे-अनासिर[2] का तमाशा है कोई—?
आदमी वाँ भी हिसारे-ग़म[3] में है महसूर[4] क्या ?
उस विलायत में भी है इंसाँ का दिल मजबूर क्या ?
वाँ भी जल मरता है सोज़े-शम्अ पे परवाना क्या ?
उस चमन में भी गुलो-बुलबुल का है अफ़साना क्या ?
याँ तो इक मिस्रे में पहलू से निकल जाता है दिल,
शेर की गर्मी से क्या वाँ भी पिघल जाता है दिल ?
रिश्ता-व-पैवन्द[5] याँ के जान का आज़ार[6] हैं,
उस गुलिस्ताँ में भी क्या ऐसे नुकीले ख़ार है ?
इस जहाँ में इक मईशत[7], और सो उफ्ताद[8] है,
रूह क्या उस देस में इस फ़िक्र से आजाद है ?
क्या वहाँ बिजली भी है, ख़र्मन[9] भी है, दहक़ाँ भी है ?
क़फ़िले वाले भी हैं, अंदेशा-ए-रहज़न[10] भी है ?
तिनके चुनते हैं वहाँ भी आशियाँ के वास्ते ?
ख़िश्तो-गिल[11] की फ़िक्र होती है मकाँ के वास्ते ?

---

१. आज और कल की दुनिया अर्थात् इस संसार के समान २. तत्वों का संघर्ष ३. विवाद का दुर्ग ४. बंद ५. सम्बन्ध ६. दुख ७. रोजी, जीविका ८. मुसीबतें ९. खलिहान १०. लुटेरे का भय ११. ईंट-गारा ।

वाँ भी इंसाँ अपनी अस्लियत से बेगाने हैं क्या ?
इम्तियाज़े-मिल्लतो-आईं[१] के दीवाने हैं क्या ?
वाँ भी क्या फरियादे-बुलबुल पर चमन रोता नहीं ?
इस जहाँ की तरह वाँ भी दर्दे दिल होता नहीं ?
बाग़ है फ़िर्दोस[२] या इक मंज़िले-आराम है ?
या रुखे-बेपर्दा-ए-हुस्ने-अज़ल का नाम है ?
क्या जहन्नुम मासियत-सोज़ी[३] की इक तरकीब है ?
आग के शोलों में पिन्हाँ मक़सदे-तादीब[५] है ?
क्या एवज़ रफ्तार के उस देस में परवाज़ है ?
मौत कहते हैं जिसे अहले-जमीं, क्या राज़ है ?
इज़्तराबे-दिल[६] का सामाँ याँ की हस्तो-बूद[७] है ?
इल्मे इंसाँ उस विलायत में भी क्या महदूद[८] है ?
दीद से तिस्कीन पाता है दिले-महजूर[९] भी।
लनतरानी[१०] कह रहे हैं क्या वहाँ के तूर भी ?

---

१. सम्प्रदाय और विधान का अन्तर २. स्वर्ग ३. खुदा के बेपर्दा चेहरे का रूप सौंदर्य ४. पाप भस्म करना ५. दंड देने का उद्देश्य ६. हृदय की व्यग्रता ७. रहन-सहन ८. सीमित ९. वियोगी मन १०. शेखी बघारना, वह आवाज जो तूर पर जलवा देखने से पहले मूसा को सुनाई दी।

जुस्तजू[1] में है वहाँ भी रूह को आराम क्या ?
वाँ भी इंसाँ है क़तीले-ज़ौक़े-इस्तफ़हाम[2] क्या ?
आह ! वह किशवर[3] भी तारीकी से क्या मामूर[4] है ?
या मुहब्बत की तजल्ली से सरापा नूर है ?
तुम बता दो राज़ जो इस गुम्बदे-गर्दां[5] में है ?
मौत इक चुभता हुआ काँटा दिले-इंसाँ में है ?

---

१. खोज २. जिज्ञासा के उल्लास का घायल ३. देश ४. भरपूर ५. घूमने वाला गुंबद, आस्मान।

शमअ व परवाना

परवाना तुझ से करता है ऐ शमअ प्यार क्यों ?
यह जाने बेक़रार है तुझ पर निसार क्यों ?
सीमाब-वार[१] रखती है मेरी अदा इसे।
अदाबे-इश्क़ तूंने सिखाये हैं क्या इसे ?
करता है यह तवाफ़[२] तिरी जलवा-गाह का।
फूँका हुआ है क्या तिरी बर्क़े-निगाहे[३] का ?
आज़ारे-मौत[४] में इसे आरामे-जाँ[५] है क्या ?
शोले में तेरे जिंदगी-ए-जावदाँ[६] है क्या ?
ग़म-खाना-ए-जहाँ[७] में जो तेरी ज़या[८] न हो,
इस तुफ़ता-दिल[९] का नख़्ल-तमन्ना[१०] हरा न हो ?
गिरना तिरे हज़ूर में इसकी नमाज़ है।
नन्हें से दिल में लज्ज़ते-सोज़ो-गुदाज़ है।
कुछ इसमें जोशे-आशिके-हुस्ने-क़दीम[११] है।
छोटा सा तूर तू, यह ज़रा सा कलीम[१२] है।
परवाना और ज़ौक़े[१३]-तमाशा-ए-रोशनी।
कीड़ा ज़रा-सा और तमन्ना-ए-रोशनी।

---

दुनिया के तीरथों से ऊँचा हो अपना तीरथ
दामाने-आस्माँ से उसका कलस मिला दें
हर सुबह उठके गायें मंतर वह मीठे-मीठे
सारे पुजारियों को मय पीत की पिला दें

शक्ती भी शान्ती भी भगतों के गीत में है
धरती के बासियों की मुक्ति प्रीत में है!

दाग़[1]

अज़मते-ग़ालिब है इक मुद्दत से पैवंदे-ज़मीं
मेहदी-ए-मजरूह[2] है शहरे-खामोशाँ का मकीं।
तोड़ डाली मौत ने गुर्बत में मीना-ए-अमीर[3]
चश्मे-महफ़िल में है अब तक कैफ़े-सहबाए-अमीर।
आज लेकिन हमनवा ! सारा चमन मातम में है
शम-ए-रोशन बुझ गई, बज़्मे-सुख़न मातम में है।
बुलबुले-दिल्ली ने बाँधा उस चमन में आशयां
हमनवा हैं सब अनादिल, बाग़े-हस्ती के जहाँ।

चल बसा दाग़, आह मैय्यत उसकी जेबे-दोश[4] है
आखिरी शायर जहाँनाबाद[5] का खामोश है।

अब कहाँ वह बाँकपन, वह शोखी-ए-तर्ज़-बयाँ
आग थी काफ़ूरे-पीरी में जवानी की निहाँ।
थी जुबाने-दाग़ पर जो आरज़ू हर दिल में है
लैला-ए-मानी[7] वहाँ बेपर्दा, याँ महमिल में है।
अब सबा से कौन पूछेगा सकूते-गुल[8] का राज़
कौन समझेगा चमन में नाला-ए-बुलबुल का राज़।
थी हक़ीकत से न ग़फ्लत फ़िक्र की परवाज़ में
आँख तायर की नशेमन पर रही परवाज़ में।

---

१. उर्दू का मशहूर शायर २. मीर मेहदी 'मजरूह' ३. अमीर मीनाई ४. कंधों की शोभा ५. दिल्ली का पुराना नाम ६. शैली की निर्भीकता ७. अर्थों की लैला ८. फूल की मूकता।

ग्रौर दिखलायेंगे मज़मूँ की हमें बारीकियाँ
ग्रपने फ़िक्रे-नुक्ता-ग्रारा[1] की फ़लक-पैमाइयाँ[2]।
तल्खी-ए-दौराँ[3] के नक़्शे खेंच कर रुलवायेंगे
या तख़य्युल की नई दुनिया हमें दिखलायेंगे।
इस चमन में होंगे पैदा बुलबुले-शीराज[4] भी
सैंकड़ों साहिर[5] भी होंगे, साहिबे-एजाज़[6] भी।
उट्ठेंगे ग्राज़र[7] हज़ारों शेर के बुतखाने से
मय पिलायेंगे नए साक़ी नए पैमाने से।
लिक्खी जायेंगी किताबे-दिल की तफ्सीरें बहुत
होंगीं ऐ ख्वाबे-जवानी तेरी ताबीरें बहुत।

हूबहू खींचेगा लेकिन इश्क़ की तस्वीर कौन ?
उठ गया नावक-फ़गन[8], मारेगा दिल पर तीर कौन ?

ग्रश्क के दाने ज़मीने-शेर में बोता हूँ मैं
तू भी रो ऐ ख़ाके-दिल्ली दाग़ को रोता हूँ मैं।
ऐ जहाँबाद ! ऐ सरमाया-ए-बज़्मे-सुख़न[9]
हो गया फिर ग्राज पामाले-ख़ज़ाँ तेरा चमन।
वह गुले-रंगीं तिरा रुख़सत मिसाले-बू हुग्रा
ग्राह ! ख़ाली दाग़ से, काशाना-ए उर्दू हुग्रा।
थी न शायद कुछ कशिश ऐसी वतन की ख़ाक़ में
वह महे-कामिल हुग्रा पिंहाँ दकन की ख़ाक में।

---

१. सूक्ष्म चितन २. ग्राकाश मापना ३. जमाने का गम ४. संकेत है हाफिज शीराजी की ग्रोर जो फारसी का प्रसिद्ध कवि था ५. जादू करने वाले ६. चमत्कार दिखाने वाले ७. यूनान का प्रसिद्ध मूर्तिकार ८. तीर चलाने वाले ९. साहित्य-चर्चा का केन्द्र।

आरज़ू को खून रुलवाती है बेदादे-अजल
मारता है तीर तारीकी में सय्यादे-अजल ।
खुल नहीं सकती शिकायत के लिए लेकिन ज़ुबाँ
है ख़ज़ाँ का रंग भी वजहे-कयामे-गुलिस्ताँ ।

एक ही कानूने-आलमगीर के हैं सब असर
बूए-गुल का बाग़ से गुलचीं का दुनिया से सफ़र ।

अब्र[1]

उठी फिर आज वह पूरब से काली-काली घटा,
सियाह-पोश हुआ फिर पहाड़ सरबन का।
निहाँ हुआ जो रुखे-महर, ज़ोरे-दामने-अब्र,
हवा-ए-सर्द भी आई सवारे-तौसने[२]-अब्र।
गरज का शोर नही है, खमोश है यह घटा,
अजीब मयकदा-ए-बे-खरोश है यह घटा।
चमन में हुक्मे-निशाते-मुदाम लाई है,
क़बा-ए-गुल में गुहर टाँकने को आई है।
जो फूल, मेहर की गर्मी से सो चले थे, उठे,
जमीं की गोद में जो पड़ के सो रहे थे उठे।
हवा के ज़ोर से उभरा, बढ़ा, उड़ा बादल,
उठी वह और घटा, लो बरस पड़ा बादल।
अजीब खेमा है कोहसार के निहालों का।
यहीं क़याम हो वादी में फ़िरने वालों का॥

१. बादल २. स्थाई सुख का सन्देश ३. फूल का लिवास।

एक परिंदा और जुगनू

सरे-शाम एक मुर्ग़-नग़मा-पैरा,
किसी टहनी पै बैठा गा रहा था।
चमकती चीज़ इक देखी ज़मीं पर,
उड़ा तायर उसे जुगनू समझ कर।
कहा जुगनू ने ओ, मुर्ग़-नवा-रेज़,[२]
न कर बेकस[३] पे, मिन्क़ारे-हवस[४] तेज़।
तुझे जिसने चहक, गुल को महक दी,
उसी अल्लाह ने मुझको चमक दी।
लिबासे-नूर में मस्तूर हूँ मैं,
पतंगों के जहाँ का नूर हूँ मैं।
चहक तेरी बहिश्ते-गोश[५] अगर है,
चमक मेरी भी फ़िरदौसे-नज़र[६] है।
परों को मेरे क़ुदरत ने ज्यादी,
तुझे उसने सदा-ए-दिलरुबा[७] दी।
तिरी मिन्कार को गाना सिखाया,
मुझे गुलज़ार की मशअ़ल बनाया।

---

१. २. चहचहाने वाला पक्षी ३. विवश ४. स्वार्थ की चोंच ५. मधुर, सुहाना ६. आँख को सुहाने वाला ७. मधुर स्वर।

चमक बख़्शी मुझे, आवाज़ तुझको,
दिया है सोज़ मुझको, साज़ तुझको।
मुख़ालिफ़ साज़ का होता नहीं सोज़,
जहाँ में साज़ का है हमनशीं सोज़।
क़यामे - बज़्मे - हस्ती है इन्हीं से,
ज़हूरे-औजो-पस्ती[१] है इन्हीं से।

हम-आहंगी से है महफ़िल जहाँ की,
इसी से है बहार इस बोस्ताँ की।

१. ऊंच-नीच।

बच्चा और शमग्र

कसी हैरानी है यह ऐ तिफ़लके-परवाना-खू[1],
शमग्र के शोले को घड़ियों देखता रहता है तू।
यह मिरी आगोश में बैठे हुए जुम्बिश है क्या ?
रोशनी से क्या बगलगीरी है तेरा मुद्दआ ?

इस नज़ारे से तिरा नन्हा सा दिल हैरान है,
यह किसी देखी हुई शै की मगर पहचान है।

शमग्र इक शोला है लेकिन तू सरापा नूर है,
आह ! इस महफ़िल में यह उरयाँ है तू मस्तूर है।
दस्ते-कुदरत ने इसे क्या जाने क्यों उरयाँ किया,
तुझको खाके-तीरा के फ़ानूस में पिनहाँ किया।

नूर तेरा छिप गया ज़ेरे-नक़ाबे-आगही,[3]
है गुबारे - दीदा - ए - बीना[4], हिजाबे-आगही।

जिन्दगानी जिसको कहते हैं फ़रामोशी है यह,
ख्वाब है, ग़फ़लत है, सरमस्ती है, बेहोशी है यह
महफ़िले-कुदरत है इक दरिया-ए-बे-पायाने-हुस्न,
आँख अगर देखे तो हर क़तरे में है तूफ़ाने हुस्न।

---

१. परवाने के स्वभाव वाला बच्चा २. काली मिट्टी ३. ज्ञान के पर्दे तले ४. रहस्यभेदी आँख का गुबार ४. ज्ञान का आवरण ५. सौन्दर्य का असीम सागर।

हुस्न कोहिस्ताँ की हैबतनाक[1] खामोशी में है,
महर की ज़ौगुस्तरी[2], शब की सियह-पोशी में है।
आस्माने-सुबह की आयना-पोशी में है यह
शाम की जुलमत, शफ़क़ की गुलफ़रोशी में है यह।
अज़्मते-दैरीना के मिटते हुए आसार में,
तिफ़लके-ना-आशना[3] की कोशिशे-गुफ़तार में।
साकिनाने - सहने-गुलशन की हम-आवाज़ी में है
नन्हे-नन्हे तायरों की आशियाँ - साज़ी में है।
चश्मा-ए-कोहसार में दरिया की आज़ादी में हुस्न
शहर में, सहरा में, आबादी में, वीराने में हुस्न।
रूह को लेकिन किसी गुमगश्ता शै की है हवस।
वर्ना इस सहरा में क्यों नालाँ है यह मिस्ले-जरस।
हुस्न के इस आम जलवे में भी यह बेताव है।
ज़िन्दगी इसकी मिसाले-माही-ए-बे-आब[4] है।

१. भयंकर २. प्रकाश डालना ३. नादान बालक ४. बिना पानी की मछली की भाँति।

किनारे-रावी

सकूते-शाम में महवे-सरोद है रावी,
न पूछ मुझ से जो है कैफ़ियत मिरे दिल की।
पयाम सिजदे का यह ज़ीरो-बम हुआ मुझ को
जहाँ-तमाम सवादे-हरम[1] हुआ मुझ को

सरे-किनारा-ए आबे रवाँ[2] खड़ा हूँ मैं
खबर नहीं मुझे लेकिन कहाँ खड़ा हूँ मैं।

शराबे-सुर्ख से रंगीं हुआ है दामने-शाम
लिये है पीरे-फ़लक दस्ते-राशा-दार[3] में जाम
अदम को काफ़िला-ए-रोज़ तेज़ गाम[4] चला
शफ़क नहीं है यह सूरज के फ़ूल हैं गोया
खड़े हैं दूर वह अजमत-फ़ज़ा-ए-तनहाई
मिनारे-ख्वाब-गहे-शहसवारे-चुग़ताई[5]
फ़साना-ए-सितमे-इंक़लाब है यह महल
कोई ज़माने-सलफ़ की किताब है यह महल
मुक़ाम क्या है सरोदे-ख़मोश है गोया
शजर ? यह अंजुमने-बेख़रोश है गोया

---

१. काबे का नगर २. बहते पानी के किनारे ३. कपकपाता हाथ ४. तेज़ी से बीतने वाले दिनों का काफ़िला ५. चित्रकार चुगताई के स्वप्नों के मिनार।

रवाँ है सीनाए-दरिया पे इक सफ़ीना-ए-तेज़
हुआ है मौज से मल्लाह जिसका गर्मे-सतेज़
सुबक-रवी[2] में है मिस्ले-निगाह यह किश्ती
निकल के हल्का-ए-हद्दे-नज़र से दूर गई
जहाज़े-ज़िंदगी-ए-आदमी रवाँ है यों ही
अबद[3] के बहर में पैदा यों ही, निहाँ है यों ही ।
शकस्त से यह कभी आशना नहीं होता,
नज़र से छुपता है लेकिन फ़ना नहीं होता ।

१. संघर्षशील २. तेज़ चलना ३. असीम, अनन्त ।

इलतजा-ए-मुसाफिर

(हज़रत महबूब इलाही की दरगाह में)

फरिश्ते पढ़ते हैं जिसको वह नाम है तेरा
बड़ी जनाब तिरी, फ़ैज़ आम है तेरा
सितारे इश्क़ के तेरी काशिश से हैं क़ायम
निज़ामे-महर की सूरत, निज़ाम है तेरा
तिरी लहद[1] की ज़्यारत[2] है, ज़िंदगी दिल की
मसीहो-खिज्र से ऊँचा मुक़ाम है तेरा
निहाँ है तेरी मुहब्बत में रंगे-महबूबी
बड़ी है शान बड़ा एहतराम है तेरा

अगर सियाह दिलम, दाग़े-लाला ज़ारे-तो अम
वगर कुशादा जबीनम, गुले-बहारे तो अम[3]

चमन को छोड़ के निकला हूँ मिस्ले-नकहते-गुल
हुआ है सब्र का मंजूर इम्तिहाँ मुझ को
चली है लेके वतन के निगार-खाने[5] से
शराबे-इल्म की लज़्ज़त, कशाँ-कशाँ[6] मुझको

---

१. कब्र, समाधि २. दर्शन ३. अगर मेरा दिल सियाह है तो भी तेरे ही बाग के लाले (फूल विशेष) का दाग हूँ। अगर बेदाग माथे वाला हूँ तो भी तेरे की चमन बहार का फूल हूँ। अर्थात् जैसा हूँ तेरा हूँ। ४. फूल की सुगंध के सदृश ५. चित्र-गृह ६. खींचती हुई।

नज़र है अब्रे-करम पर, दरख़्ते-सहरा हूँ
किया खुदा ने न मोहताजे-बागबाँ मुझको
फ़लक नशीं, सिफ़ते-महर[1] हूँ ज़माने में
तिरी दुआ से अता हो वह नर्द बाँ मुझको
मुक़ाम हम-सफ़रों से हो इस कदर आगे
कि समझे मंज़िले-मक़सूद कारवाँ मुझको
मिरी ज़ुबाने क़लम से किसी का दिल न दुखे
किसी से शिकवा न हो ज़ेरे-आस्माँ मुझको
दिलों को चाक करे मिस्ले-शाना[2] जिसका असर
तिरी जनाब से ऐसी मिले फ़ुग़ाँ मुझको
बनाया था जिसे चुन-चुन के ख़ारो-ख़स मैंने
चमन में फ़िर नज़र आए वह आशियाँ मुझको
फ़िर आ रखूँ, क़दमे-मादरो-पिदर[3] पे जबीं[4]
किया जिन्होंने मुहब्बत का राज़दाँ मुझको
वह शम-ए-बारगहे-ख़ानदाने-मुर्तज़वी[5]
रहेगा मिस्ले-हरम जिसका आस्ताँ मुझको
नफ़स से जिसके खिली मेरी आरज़ू की कली
बनाया जिसकी मुरव्वत ने नुक्तादाँ मुझको
दुआ यह कर कि खुदावंदे-आस्माँ-व-ज़मीं
करे फ़िर उसकी ज़यारत से शादमाँ मुझको
वह मेरी यूसुफ़े-सानी, वह शमे-महफ़िले-इश्क़
हुई है जिसकी अख़ुव्वत[6], करारे-जाँ मुझको

---

१. सूरज की भांति २. कंघे की तरह ३. माता पिता के चरण ४. माथा
५. अली के परिवार के दरबार की समक्ष ६. भ्रातृ भाव।

जला के जिस की मुहब्बत ने दफ़्तरे-मनो-तो[1]
हवा-ए-ऐश में पाला, किया जवाँ मुझको
रियाज़े-दहर में मानंदे-गुल रहे खंदाँ
कि है अज़ीज़तर अज़जाँ[2], वह जाने-जाँ मुझको

शगूफ़ा होके कली दिल की फ़ूल हो जाय
यह इल्तजा-ए-मुसाफ़िर क़बूल हो जाय

१. भेदभाव का दफ्तर २. जान से अधिक प्यार ।

गजलयात

गुलज़ारे-हस्तो-बूद[1] न बेगानावार[2] देख
है देखने की चीज इसे बार-बार देख।
आया है तू जहाँ में मिसाले-शरार देख
दम दे न पाये हस्ती-ए-नापायदार[3] देख।
माना कि तेरी दीद[4] के काबिल नहीं हूँ मैं
तू मेरा शौक़ देख, मिरा इंतज़ार देख।
खोली है ज़ोक़े-दीद ने आंखें तिरी अगर
हर रहगुज़र में नक़्शे-कफ़े-पाए-यार[5] देख।

न आते हमें इसमें तकरार क्या थी,
मगर वादा करते हुए आर क्या थी।
तुम्हारे प्यामी ने सब राज़ ख़ोला,
ख़ता इसमें बंदे की सरकार क्या थी।
भरी बज़्म में अपने आशिक़ को ताड़ा,
तिरी आँख मस्ती में हुशियार क्या थी।
ताम्मुल तो था उनको आने में क़ासिद,
मगर यह बता तर्ज़े-इन्कार क्या थी ?

---

१. दुनिया २. उपेक्षा के ढंग से ३. अस्थाई अस्तित्व ४. देखना ५. प्रेमी के पांव के तलवों के चिन्ह।

खिचे खुदबखुद जानिबे-तूर मूसा,
कशिश तेरी ए शौक़े-दीदार क्या थी।
कहीं ज़िक्र रहता है इक़बाल तेरा,
फ़सूँ[1] था कोई तेरी गुफ़तार क्या थी।

अजब वाइज़ की दींदारी है यारब !
अदावत है उसे सारे जहाँ से।
कोई अब तक न यह समझा कि इंसाँ,
कहाँ जाता है, आता है कहाँ से।
वहीं से रात को जुलमत मिली है,
चमक तारे ने पाई है जहाँ से।
हम अपनी दर्दमंदी का फ़साना,
सुना करते हैं अपने राज़दाँ से।
बड़ी बारीक हैं वाइज़ की चालें,
लरज जाता है आवाज़े अज़ाँ से।

लाऊँ वह तिनके कहीं से आशियाने के लिए,
बिजलियाँ बेताब हों जिनको जलाने के लिए।
वाय नाकामी ! फ़लक में ताक कर तोड़ा उसे,
मैंने जिस डाली को ताड़ा आशियाने के लिए।
आँख मिल जाती है हफ्तादो-मिल्लत[2] से तिरी,
एक पैमाना तिरा सारे ज़माने के लिए।

---

१. जादू २. मुसलमानों के बहत्तर सम्प्रदाय है, उन्हीं की ओर संकेत है।

दिल में कोई इस तरह की आरज़ू पैदा करूँ,
लौट जाय आस्माँ मेरे मिटाने के लिए।
जमा कर ख़रमन[1] तो पहले दाना-दाना चुन के तू,
आ ही निकलेगी कोई बिजली जलाने के लिए।
पास था नाकामी-ए-सैयाब का ऐ हमसफ़ीर,
वर्ना मैं और उड़ के आता एक दाने के लिए।
इस चमन में मुर्ग़े-दिल गाय न आज़ादी का गीत,
आह ! यह गुलशन नहीं ऐसे तराने के लिए।

१. खलिहान।

क्या कहूँ अपने चमन से मैं जुदा क्यों कर हुआ ?

और असीरे हलक़ा-ए-दामे-हवा[१] क्यों कर हुआ ?

जाय-हैरत[२] है बुरा सारे ज़माने का हूँ मैं

मुझको यह खल्अत शराफ़त का अता क्योंकर हुआ ?

कुछ दिखाने-देखने का था तकाजा तूर पर

क्या ख़बर है तुझको ऐ दिल फैसला क्योंकर हुआ ?

है तलब बेमुद्दआ होने की भी इक मुद्दआ

मुर्गे-दिल दामे-तमन्ना[३] से रिहा क्योंकर हुआ ?

देखने वाले यहाँ भी देख लेते हैं तुझे

फिर यह वादा हश्र[४] का सब्र-आजमा क्योंकर हुआ ?

हुस्ने-कामिल[६] ही न हो इस बेहिजाबी[७] का सबब

वह जो था पर्दो में पिनहाँ खुदनुमा[८] क्योंकर हुआ ।

मौत का नुस्खा अभी बाकी है ऐ दर्दे-फ़िराक !

चारागर दीवाना है, मैं लादवा क्योंकर हुआ ?

---

१. लोभ के जाल का कैदी २. आश्चर्य की स्थिति ३. अभिलाषा का जाल ४. प्रलय, क़यामत ५. संतोष-परीक्षक ६. पूर्ण सौन्दर्य ७. खुदा की ओर संकेत है ८. स्व-प्रदर्शन ।

तूने देखा है कभी ऐ दीदा-ए-इब्रत[1] कि गुल
होके पैदा ख़ाक से रंगी-कबा क्योंकर हुआ ?
पुरसिशे-आमाल[3] से मकसद था रुसवाई मिरी
वर्ना जाहिर था सभी कुछ क्या हुआ क्योंकर हुआ।
मेरे मिटने का तमाशा देखने की चीज़ थी
क्या बताऊँ उनका मेरा सामना क्योंकर हुआ ?

१. सीख लेने वाली आँख २. रंगीन लिबास वाला ३. कृत्यों की जाँच-पड़ताल।

अनोखी वज़अ है सारे ज़माने से निराले हैं
यह आशिक़ कौन सी बस्ती के यारब रहने वाले हैं।
इलाजे-दर्द में भी दर्द की लज्ज़त पे मरता हूँ
जो थे छालों में काँटे नोके-सोज़न[1] से निकाले हैं।
फला-फूला रहे यारब चमन मेरी उमीदों का
जिगर का खून दे दे-कर यह बूटे मैंने पाले हैं।
रुलाती है मुझे रातों को खामोशी सितारों की
निराला इश्क है मेरा, निराले मेरे नाले हैं।
न पूछो मुझसे लज्ज़त ख़ानुमाँ-बरबाद[2] रहने की
नशेमन सैंकड़ों मैंने बनाकर फूँक डाले हैं।
नहीं बेगानगी अच्छी रफ़ीके-राहे-मंज़िल[3] से
ठहर जा ऐ शरर हम भी तो आखिर मिटने वाले हैं।
उमीदे-हूर ने सब कुछ सिखा रक्खा है वाइज़ को
यह हज़रत देखने में सीधे-साधे भोले-भाले हैं।
मिरे अशआर ऐ इकबाल क्यों प्यारे न हों मुझको
मिरे टूटे हुए दिल के यह दर्द-अंगेज़ नाले हैं।

---

१. सूई की नोक २. बे-घर ३. मंज़िल का साथी।

जाहिर की आँख से न तमाशा करे कोई
हो देखना तो दीदा-ए-दिल वा[२] करे कोई।

मंसूर को हुआ, लबे-गोया पयामे-मौत
अब क्या किसी के इश्क का दावा करे कोई।

हो दीद का जो शौक तो आँखों को बन्द कर
है देखना यही कि न देखा करे कोई।

मैं इन्तहा-ए-इश्क़ हूँ, तू इन्तहा-ए-हुस्न
देखे मुझे कि तुझको तमाशा करे कोई।

उज्र-आफ़्रीने-जुर्मे-मुहब्बत[४] है हुस्ने-दोस्त
महशर में उज्रे-ताज़ा[५] न पैदा करे कोई।

छिपती नहीं है यह निगहे-शौक़, हमनशीं!
फिर और किस तरह उन्हें देखा करे कोई।

अड़ बैठे क्या समझ के भला तूर पर कलीम
ताकत हो दीद की तो तक़ाजा करे कोई।

नज्ज़ार को यह जुम्बिशे-मिज़गा[६] भी बार है
नर्गिस की आँख से तुझे देखा कर कोई।

खुल जायें, क्या मजे हैं तमन्ना-ए-शौक़ में
दो-चार दिन जो मेरी तमन्ना करे कोई।

---

१. हृदय व चक्षु २. खोलना ३. बोलना, होंट खोलना ४. मुहब्बत के जुर्म का उज्र पैदा करने वाला ५. नया उज्र ६. पलक की कम्पन।

कहूँ क्या आरज़ू-ए-बेदिली मुझको कहाँ तक है
मिरे बाज़ार की रौनक़ ही सौदा-ए-ज़ुबाँ तक है।
वह मैकश[1] हूँ, फ़रागे-मै से खुद गुलज़ार बन जाऊँ
हवा-ए-गुल[2] फ़िराके-साक़ी-ए-नामेहरबाँ तक है।
चमन-अफ़रोज़[3] है सैयाद मेरी खुशनवाई[4] तक
रही बिजली की बेताबी सो मेरे आशियाँ तक है।
वह मुश्ते-ख़ाक हूँ फ़ैजे-परेशानी[5] से सेहरा हूँ
न पूछो मेरी वुस्अत[6] की, ज़मीं से आस्माँ तक हूँ।
जरस हूँ, ताला-ए-ख्वाबीदा[7] है मेरे रगो-पै में
यह खामोशी मिरी वक्ते-रहीले-कारवाँ[8] तक हैं।
सकूने-दिल से सामाने-कशूदे-कार[9] पैदा कर
कि उक़दा[10] खातिरे-गर्दाब[11] को आबे-रवाँ[12] तक है।
चमनज़ारे-मुहब्बत में ख़मोशी मौत है बुलबुल
यहाँ की ज़िन्दगी पाबन्दी-ए-रस्मे-फ़ुगाँ[13] तक है।
जवानी है तो जौके-दीद भी-लुत्फे-तमन्ना भी
हमारे घर की आबादी, कयामे-मेहमाँ तक है।
जमाने भर में रुसवा हूँ मगर ऐ वाए नादानी
समझता हूँ कि मेरा इश्क मेरे राज़दाँ तक है।

---

१. शराबी २. फूलों की हवस ३. उद्यान को सजाना ४. मधुर स्वर ५. व्यग्रता की कृपा से ६. व्यापकता ७. सुप्त फरियाद ८. कारवाँ के चलने का समय ९. काम को सुलझाने के साधन १०. समस्या ११. विवर्त का स्वभाव १२ बहता हुआ पानी १३. फरियाद की रीति को निभाना।

जिन्हें मैं ढूँढ़ता था ग्रास्मानों में जमीनों में
वह निकले मेरे जुलमत-खाना-ए-दिल[१] के मकीनों में।
हक़ीक़त अपनी आँखों पर नुमायाँ जब हुई अपनी
मकाँ निकला हमारे खाना-ए-दिल के मकानों में।
अगर कुछ आशना होता मजाके-जुब्बा-साई[२] से
तो संगे-आसताने-काबा[३] जा मिलता जबीनों में।
कभी अपना भी नज्जारा किया है तूने ऐ मजनू
कि लैला की तरह तूं खुद भी है महमिल-नशीनों[४] में।
महीने वस्ल की घड़ियों की सूरत उड़ते जाते हैं
मगर घड़ियाँ जुदाई की गुज़रती है महीनों में।
मुझे रोकेगा तू ऐ नाखुदा क्या गर्क होने से
कि जिनको डूबना है डूब जाते हैं सफ़ीनों में।
छिपाया हुस्न को अपने कलीमुल्लाह से जिसने
वही नाजग्राफ्रीं[५] है जलवा पैरा,[६] नाज़नीनों[७] में।
जला सकती है शमग्रे-कुश्ता[८] को मौजे-नफ़स[९] उसकी
इलाही ! क्या छिपा होता है, अहले-दिल के सीनों में।

१. दिल का अन्धेरा घर २. माथा झुकाने की सुरुचि ३. काबे के पूजा स्थान का पत्थर ४. पर्दे में बैठने वाले ५. नखरेबाज़ ६. जलवा दिखाने वाला ७. सुन्दर व्यक्ति ८. बुझी हुई शमग्र ९. साँस की हवा।

तमन्ना दर्दे-दिल की हो तो कर ख़िदमत फ़क़ीरों की
नहीं मिलता यह गौहर बादशाहों के खज़ीनों में।
न पूछ इन खरक़ापोशों[१] की, अरादत[२] हो तो देख उनको
यदे-बैज़ा[३] लिये बैठे है अपनी आस्तीनों में।
तरसती है निगाहे-नारसा[४] जिसके नजारे को
वह रौनक अंजुमन की है इन्हीं खलवत[५] गज़ीनों में।
किसी ऐसे शरर से फूँक अपने ख़रमने दिल को
कि खुर्शीदे-कयामत भी हो तेरे ख़ोशा-चीनों में
मुहब्बत के लिए दिल ढूँढ कोई टूटने वाला
यह वह मय है जिसे रखते हैं नाज़ुक आबगीनों[६] में।
सरापा हुस्न बन जाता है जिसके हुस्न का आशिक
भला ऐ दिल हसीं ऐसा भी है कोई हसीनों में।
फ़ड़क उट्ठा कोई तेरी अदा-ए-माअरफ़ना[७] पर
तिरा रुतबा रहा बढ़ चढ़ के सब नाज आफ़ीनों में।
नुमायाँ होके दिखलादे कभी उनको कमाल अपना
बहुत मुद्दत से चर्चे हैं तिरे बारीक बीनों में।
खमोश ऐ दिल ! भरी महफिल में चिल्लाना नहीं अच्छा
अदब पहला क़रीना है मुहब्बत के क़रीनो में।
बुरा समझूँ उन्हें मुझ से तो ऐसा हो नहीं सकता
कि मैं खुद भी तो हूँ इकबाल अपने नुक्ताचीनों में।

---

१. गुदड़ी पहनने वाले अर्थात् फ़क़ीर २. श्रद्धा ३. मूसा का हाथ जिसके खोलने से अन्धकार में प्रकाश हो जाता था ४. सामर्थ्यहीन दृष्टि ५. एकान्तवासी ६. शीशे के प्याले ७. यह एक हदीस के आरम्भिक शब्द हैं अर्थ है हमने नहीं पहचाना।

तिर इश्क़ की इंतहा चाहता हूँ
मिरी सादगी देख क्या चाहता हूँ ॥

सितम हो कि हो वादा-ए-बेहिजाबी
कोई बात सब्र-आज़मा चाहता हूँ ॥

यह जन्नत मुबारक रहे ज़ाहिदों को।
कि मैं आपका सामना चाहता हूँ ।

ज़रा सा तो दिल हूँ मगर शोख इतना
वही लंतरानी[1] सुना चाहता हूँ ।

कोई दम का मेहमाँ हूँ ऐ अहले-महफ़िल
चिराग़े सहर हूँ बुझा चाहता हूँ ॥

भरी बज़्म में राज़ की बात कह दी
बड़ा बेअदब हूँ सज़ा चाहता हूँ ॥

---

१. खुदा की वह आवाज़ जिसे सुनकर मूसा तूर पर बेहोश हो गए थे ॥ शेखी मारना

कुशादा दस्ते-करम जब वह बेनयाज़ करे
नयाज़मंद न क्यों आजज़ी पे नाज करे।
बिठा के अर्श पे रक्खा है तूने ऐ वाइज़
खुदा वह क्या है जो बंदों से एहतराज[1] करे।
मिरी निगाह में वह रिंद ही नहीं साक़ी!
जो होशियारी-व-मस्ती में इम्तियाज करे।
मुदाम[2] गोश-बदिल[3] रह यह साज़ है ऐसा
जो हो शकस्ता तो पैदा नवा-ए-राज़[4] करे।
कोई यह पूछे कि वाइज़ का क्या बिगड़ता है
जो बेअमल पे भी रहमत वह बेनयाज़ करे।
सुखन में सोज़ इलाही कहाँ से आता है
यह चीज़ वह है कि पत्थर को भी गुदाज़ करे।
तमीज़े-लाला-व-गुल से है नाल-ए-बुलबुल
जहाँ में वा न कोई चश्मे-इम्तियाज़[5] करे।
ग़ुरूरे-ज़ुहद ने सिखला दिया है वाइज़ को
कि बंदगाने-खुदा पर ज़ुबाँ दराज़ करे।
हवा हो ऐसी कि हिन्दुस्ताँ से ऐ इक़बाल!
उड़ाके मुझको ग़ुबारे-रहे-हिजाज़ करे।

---

१. बचना २. हमेशा, सदा ३. आत्मा की बात पर ध्यान देना ४. भेद की ध्वनि ५. अन्तर समझने वाली दृष्टि।

सख़्तियाँ करता हूँ दिल पर ग़ैर से ग़ाफ़िल हूँ मैं
हाय क्या अच्छी कही ज़ालिम हूँ मैं जाहिल हूँ मैं।
मैं जमीं तक था कि तेरी जलवा पैराई न थी
जो नमूदे-हक़[2] से मिट जाता है वह बातिल[3] हूँ मैं।
इल्म के दरिया से निकले, ग़ोताज़न, गौहरबदस्त[4]
वाए ! मेहरूमी ख़ज़फ़ चीने-लबे-साहिल हूँ मैं।
है मिरी जिल्लत ही कुछ मेरी शराफ़त की दलील
जिसकी गफ़लत को मलक[6] रोते हैं वह ग़ाफिल हूँ मैं।
बज़्मे-हस्ती ! अपनी आशायश पे तू नाज़ां न हो
तू तो इक तस्वीर है महफ़िल की और महफ़िल हूँ मैं
ढूँढता फ़िरता हूँ ऐ इक़बाल अपने आप को
आप ही गोया मुसाफ़िर आप ही मंज़िल हूँ मैं।

---

१. सत्य का प्रकट होना २. झूठ ३. हाथ में मोती लिये ४. तट पर सीपियाँ चुनने वाला ५. फ़रिश्ते।

मजनू ने शहर छोड़ा तो सहरा भी छोड़ दे
नज़्ज़ारे की हवस हो तो लैला भी छोड़ दे।
वाइज़ ! कमाले-तर्क[1] से मिलती है याँ मुराद
दुनिया जो छोड़ दी है तो उक़बा[2] भी छोड़ दे।
तक़लीद[3] की रविश से तो बेहतर है ख़ुदकुशी
रस्ता भी ढूँढ, खिज्र का सौदा भी छोड़ दे।
मानंदे-ख़ामा[4] तेरा ज़ुबाँ पर है हर्फ़े-ग़ैर
बेगाना शै पे नाज़िशेबेजा[5] भी छोड़ दे।
लुत्फ़े कलाम क्या जो न हो दिल में दर्दे-इश्क़
बिसमिल[6] नहीं है तू तो तड़पना भी छोड़ दे।
शबनम की तरह फूलों पे रो और चमन से चल।
इस बाग़ में कयाम का सौदा भी छोड़ दे।
है आशक़ी में रस्म अलग सबसे बैठना
बुतख़ाना भी, हरम भी, कलीसा भी छोड़ दे।
सौदागरी नहीं यह इबादत ख़ुदा की है
ऐ बेख़बर जज़ा[7] की तमन्ना भी छोड़ दे।
अच्छा है दिल के साथ रहे पासबाने-अक़्ल
लेकिन कभी-कभी इसे तन्हा भी छोड़ दे।

---

१. त्याग की पराकाष्ठा २. परलोक ३. अनुकरण, अनुगामी बनना ४. कलम की भाँति ५. अनुचित घमंड ६. घायल ७. बदला, पुरस्कार।

जीना वह क्या जो हो नफ़से-ग़ैर[1] पर मदार[2]
शोहरत की ज़िन्दगी का भरोसा भी छोड़ दे।
शोख़ी सी है सवाले-मुकर्रर[3] में ऐ कलीम
शर्ते-रज़ा यह है कि तकाज़ा भी छोड़ दे।
वाइज़ सबूत लाये जो मय के जवाज़[4] में
इक़बाल को यह ज़िद है कि पीना भी छोड़ दे।

---

१. अन्य व्यक्ति २. निर्भर ३. प्रश्न का दुहराना ४. औचित्य।

भाग २

(१६०५ से १६०८ तक)

मुहब्बत

अरूसे-शब[1] की ज़ुल्फ़ें थीं अभी नाआशना ख़म से
सितारे आस्माँ के बेख़बर थे लज़्ज़ते-रम[2] से
क़मर अपने लिबासे-नौ में बेगाना सा लगता था
न था वाक़िफ़ कभी गर्दिश के आईने-मुसल्लम[3] से।
अभी इमकाँ[4] के ज़ुलममतख़ाने से उभरी ही थी दुनिया
मज़ाके-जिंदगी पोशीदा था पहना-ए-आलम में।
कमाले-नज़्मे-हस्ती[5] की अभी थी इब्तदा गोया
हवैदा थी नगीने की तमन्ना चश्मे-ख़ातम[6] में।
सुना है आलमे-बाला में कोई कीमियागर था
सफ़ा थी जिसकी ख़ाके-पा में बढ़कर साग़रे-जम से।
लिखा था अर्श के पाय में इक अक्सीर का नुस्ख़ा
छिपाते थे फ़रिश्ते जिसको चश्मे-रूहे-आदम से।
निगाहें ताक में रहती थीं लेकिन कीमियागर की
वह उस नुस्ख़े को बढ़कर जानता था इस्मे-आज़म[7] से।
बढ़ा तस्बीहख़्वानी[8] के बहाने अर्श की जानिब
तमन्ना-ए-दिली आख़िर बर आई सई-ए-पैहम[9] से।

---

१. रात की दुलिहन २. घूमने का उल्लास ३. पूर्ण नियम ४. संभावना
. सृष्टि की पूर्णता ६. अंगूठी की आँख ७. भगवान का नाम (एक वजीफ
ो हर मुश्किल का हल समझा जाता है) ८. माला फेरना ९. सतत-
यास

फिराया फ़िक्रे-अजज़ा[10] ने उसे मैदाने-इमकाँ[11] में
छिपेगी क्या कोई शै बारगाहे-हक़[12] के महर से।
चमक तारे से माँगी, चाँद से दाग़े-जिगर माँगा
उड़ाई तीरगी थोड़ी सी सब की जुल्फ़े-बरहम से।
तड़प बिजली से पाई हूर से पाकीजगी पाई
हरारत ली नफ़सहाए-मसीहे-इब्ने-मरीयम[13] से।
ज़रा सी फ़िर रबूबीयत[14] से शाने-बेनयाज़ी ली
मलक से आजज़ी[15], उफ्तादगी[16] तक़्दीरे-शबनम से।
फ़िर इन अजज़ा को घोला चश्मा-ए-हैवाँ[17] के पानी में
मुरक्कब ने मुहब्बत नाम पाया अर्शे-आज़म[18] से।
मुहव्वस[20] ने यह पानी हस्ती-नौख़ेज़ पर छिड़का
गिरह खोली हुनर ने उसके गोया कारे-आलम से।
हुई जुम्बिश अयाँ, ज़र्रों ने लुत्फ़े-ख़्वाब को छोड़ा
गले मिलने लगे उठ-उठ के अपने-अपने हमदम से।
ख़रामे नाज पाया आफ्ताबों में सितारों ने
चटक गुंचों ने पाई, दाग़ पाय लालाजारों ने।

---

१०. तत्वों की चिंता ११. सृष्टि १२. भगवान का दरबार १३. मरियम के बेटे मसीह (ईसा) के आँसू की गरमी। कहते हैं कि ईसा की साँस के स्पर्श से रोगी अच्छे हो जाते थे। १४. खुदाई की शान ; रब की विशेषता है पालना इसलिए रबूबियत का अर्थ हुआ पालन का गुण १५. विनम्रता १६. गिरना १७. अमृत का स्रोत, जिसे सिकन्दर ने खोजा था १८. मिश्रण १९. भगवान का सिंहासन २०. अदा से चलना।

हक़ीक़ते-हुस्न

ख़ुदा ने हुस्न से इक रोज़ यह सवाल किया
जहाँ में तूने मुझे क्यों न लाज़वाल किया।
मिला जवाब कि तस्वीर-ख़ाना है दुनिया
शबे-दराज़े-अ़दम[1] का फ़साना है दुनिया।
हुई है रंगे-तग़य्युर[2] से जब नमूद इसकी
वही हसीं है हक़ीक़त ज़वाल है जिसकी।
कहीं क़रीब था, यह गुफ़्तगू क़मर ने सुनी
फ़लक पे आम हुई अख़्तरे-सहर ने सुनी।
सहर ने तारे से सुनकर सुनाई शबनम को
फ़लक की बात बतादी ज़मीं के महरम को।
भर आये फूल के आँसू पयामे-शबनम से
कली का नन्हा सा दिल ख़ून हो गया ग़म से।

चमन से रोता हुआ मौसमे-बहार गया।
शबाब सैर को आया था सोगवार गया।

---

१. परलोक की लम्बी रात २. परिवर्तन

प्याम

इश्क़ ने कर दिया तुझे ज़ौके-तपिश से ग्राशना
बज़्म को मिस्ले-शमग्रे-बज्म, हासिले-सोज़ो-साज़ दो
शाने-करम पे है मदार, इश्क़ गिरह-कुशाय का
दैरो-हरम की कैद क्या, जिसको वह बेन्याज़ दे
सुरते-शमग्र नूर की मिलती नहीं क़बा उसे
जिसको खुदा न देहर में, गिरया-ए-जाँ-गुदाज़ दे
तारे में वह, क़मर में वह जलवागहे-सहर में वह
चश्मे-नज़ारा में न तू सुर्मा-ए-इम्तियाज़ दे
इश्क़ बुलंद बाल है रस्मो-रहे-न्याज़ से
हुस्न है मस्ते-नाज़ ग्रगर तू भी जवाबे-नाज़ दे
पीरे-मुग़ाँ फ़रंग की मय का नशात है ग्रसर
इसमें वह कफ़े-ग़म नहीं मुझको तू ख़ाना-साज़ दे
तुझको ख़बर नहीं है क्या ? बज़्मे-कुहन बदल गई
ग्रब न खुदा के वास्ते इनको मय-ए-मजाज़ दे

१. गाँठ खोलने वाला इश्क २. शराब विक्रेता ग्रथवा साक़ी ३. विलासता ४. पुरानी महफ़िल ।

स्वामी रामतीर्थ

हम बग़ल दरिया से है ऐ क़तरा-ए-बेताब तू
पहले गौहर था, बना अब गौहरे-नायाब[१] तू
आह ! खोला किस अदा से तूने राज़े-रंगो-बू
मैं अभी तक हूँ असीरे-इम्तियाज़े[२]-रंगो-बू
मिट के ग़ोग़ा[३] ज़िंदगी का शोरिशे-महशर बना
यह शरारा बुझ के आतश-खाना-ए-आज़र[४] बना
नफ्से-हस्ती[५] इक करिश्मा है दिल-आगाह[६] का
"ला" के दरिया में निहाँ मोती है "इलल्लाह"[७] का
चश्मे-नाबीना से मख़्फ़ी मानी-ए-अंजाम है
थम गई जिस दम तड़प, सीमाब सीमे-ख़ाम है
तोड़ देता है बुते-हस्ती को इब्राहीमे-इश्क़
होश का दारू है गोया, मस्ती-ए-तसनीमे-इश्क

◆ ◆

---

१. अलभ्य मोती २. दुनिया के भेद-भाव में ग्रस्त ३. शोर, कलख ४. आज़र का अग्नि गृह (पूजा स्थान) ५. जीवन-तत्व ६. सर्वज्ञ हृदय ६. नहीं, कलमे के शुरू का शब्द नकार ७. सिवाए खुदा के अर्थात खुदा ८. छिपा हुआ ९. अंत का अर्थ १०. कच्ची चाँदी ११. इश्क का इब्राहीम, इब्राहीम वह पैगम्बर हैं जिसने अद्वैतवाद का सबसे पहले संदेश दिया और काबा की बुनियाद १२. तसनीम जन्नत की एक मीठी नहर का नाम है।

तुलबा[१]-ए-अलीगढ़ कालिज के नाम

औरों का है प्याम और मेरा प्याम और है,
इश्क़ के दर्दमंद का तर्ज़े-कलाम[२] और है।
तायरे-ज़ेरे-दाम[३] के नाले तो सुन चुके हो तुम,
यह भी सुनो कि नाला-ए-तायरे-बाम और है।
आई थी कोह से सदा राज़े-हयात है सकूँ,
कहता था मोरे-नातवाँ[५] लुत्फ़े-खराम[६] और है।
जज़्बे-हरम[७] से है फ़रोग़ अंजुमने-हिजाज[८] का,
उसका मुक़ाम और है उसका निज़ाम और है।
मौत है ऐशे-जावदाँ[९], ज़ौके तलब[१०] अगर न हो,
गर्दिशे-आदमो है और गर्दिशे-जाम और है।
शमए-सहर यह कह गई, सोज़ है ज़िंदगी का साज़,
ग़मकदा-ए-नमूद[११] में शर्ते-दवाम[१२] और है।
बादा[१३] है नीमरस[१४] अभी, शौक है नारसा[१५] अभी,
रहने दो खुम[१६] के सर पे तुम खिश्ते कलीसिया अभी।

---

१. विद्यार्थी २. शैली ३. जाल में फँसा पंछी ४. आजाद पंछी की फरियाद ५. कमजोर चेंटी ६. चलने का आनन्द ७. काबा का आकर्षण ८. अरब का एक पवित्र स्थान ९. स्थाई उल्लास १०. जिज्ञासा ११. संसार १२. अमरत्व की शर्त १३. शराब १४. अधखिन्नी १५. न पहुँच सकने वाला १६. शराब की बोतल १७. डाट।

अख़्तरे-सुबह

सितारा सुबह का रोता था और यह कहता था
मिली निगाह मगर फ़ुर्सते-नज़र न मिली
हुई है ज़िंदा दमे-आफ़ताब से हर शय
अमाँ मुझी को तहे-दामने सहर[1] न मिली
बिसात क्या है भला सुबह के सितारे की
नफ़स हबाब[2] का ताबिंदगी[3] शरारे की।
कहा यह मैंने कि ऐ ज़ेवरे-जबीने-सहर[4]
ग़मे-फ़ना[5] है तुझे, गुम्बदे-फलक[6] से उतर
टपक बुलंदी-ए-गर्दूं से हमरहे-श्बनम
मिरे रियाज़े-सुख़न[7] की फ़िज़ा है जाँ-परवर[8]
मैं बाग़बाँ हूँ मुहब्बत बहार है इसकी।
बिना मिसाले-अबद[9] पायदार है इसकी।

---

१. प्रभात के आँचल तले २. बुलबुला ३. चमक ४. प्रभात के माथे का आभूषण अर्थात् सितारा ५. मरने का ग़म ६. आसमान ७. काव्य-उद्यान ८. जीवन-दायक ६. नित्य की भाँति

हुस्नो-इश्क़

जिस तरह डूबती है किश्ती-ए-सीमीने-क़मर[1]
नूरे-ख़ुर्शीद के तूफ़ान में हंगामे-सहर[2]
जैसे हो जाता है गुम नूर का लेकर आँचल
चाँदनी रात में महताब का हमरंग कमल
जलवा-ए-तूर में जैसे यदे-बैजा-ए-कलीम
मौजा-ए-नकहते-गुलज़ार[3] में गुंचे की शमीम[4]
है तिरे सैले-मुहब्बत में योंही दिल मेरा।
तू जो महफ़िल है, तो हंगामा-ए-महफ़िल हूँ मैं
हुस्न की बर्क़ है तू, इश्क का हासिल हूँ मैं
तू सहर है तो मिरे अश्क हैं शबनम तेरी
शामे-ग़ुर्बत हूँ अगर मैं, तो शफ़क़ तू मेरी
मेरे दिल में तिरी ज़ुल्फ़ों की परेशानी है
तेरी तस्वीर से पैदा मेरी हैरानी है
हुस्न कामिल है तिरा, इश्क है कामिल मेरा।

---

१. चाँदी जैसे चाँद की नाव २. प्रभात काल ३. बाग़ की सुगंध की लहर ४. सुगंध

है मिरे बाग़े-सुख़न के लिए तू बादे-बहार
मेरे बेताब तख़य्युल को दिया तूने क़रार[५]
जब से आबाद तिरा इश्क़ हुआ सीने में
नए जौहर हुए पैदा मिरे आईने में
हुस्न से इश्क़ की फ़ितरत को हैं तहरीके-कमाल[६]
तुझ से सरसब्ज़ हुए मेरी उम्मीदों के निहाल[७]
काफ़िला हो गया आसूदा-ए-मंजिल[८] मेरा।

---

५. स्थिरता ६. पूर्णता को प्राप्त करने की प्रेरणा ७. पौधा ८. मंजिल र पहुंचने में सफ़ल।

"..........की गोद में बिल्ली देखकर"

तुझ को दुज़दीदा-निगाही[1] यह सिखा दी किस ने ?
रम्ज़[2] आगाज़े-मुहब्बत की बतादी किसने ?
हर अदा से तिरी पैदा है मुहब्बत कैसी ?
नीली आँखों से टपकती है ज़कावत[3] कैसी ?
देखती है कभी उनको कभी शर्माती है।
कभी उठती है, कभी लौट के सो जाती है
आँख तेरी सिफ़ते-आईन-ए-हैरान[4] है क्या ?
नूरे-आगाही से रौशन तिरी पहचान है क्या ?
मारती है इन्हीं पौहचों से अजब नाज है यह ?
चिढ़ है या ग़ुस्सा है ? या प्यार का अंदाज है यह ?
शोख़ तू होगी तो गोदी से उतारेंगे तुझे।
गिर गया फूल जो सीने का तो मारेंगे तुझे।
क्या तजस्सुस[5] है तुझे ? किस की तमन्नाई है ?
आह ! क्या तू भी इसी चीज़ की सौदाई है ?

---

१. चोरी-चोरी देखना २. भेद ३. प्रतिभा ४. शीशे की भाँति हैरान
५. कौतूहल ६. इच्छुक

ख़ास इंसान से कुछ हुस्न का अहसास नहीं,
सूरते-दिल है यह हर चीज़ के बातिन[1] में मकीं।
शीश-ए-दहर[2] मानंदे-मये-नाव[3] है इश्क़ ।
रूहे-खुर्शीद है, खूने-रगे-महताब है इश्क़।
दिले-हरज़र्रा में पोशीदा कसक है इसकी,
नूर यह वह है कि हर शय में झलक है इसकी ।
कहीं सामाने मुसर्रत, कहीं साज़े-ग़म है,
कहीं गौहर है, कहीं अश्क, कहीं शबनम है ।

१. अभ्यंतर २. संसार रूपी दर्पण ३. शुद्ध शराब की भांति।

कली

जब दिखाती है सहर आरिज़े-रंगीं अपना
खोल देती है कली सीना-ए-ज़र्रा अपना
जलवा-आशाम[1] है यह सुबह के मैख़ाने में
ज़िंदगी इसकी है ख़ुर्शीद के पैमाने में
सामने मेहर का दिल चीर के रख देती है
किस क़दर सीना-शिगाफ़ी के मजे लेती है।
मेरे ख़ुर्शीद कभी तू भी उठा अपनी नक़ाब
बहरे-नज़्ज़ारा तड़पती है निगाहे-बेताब
तेरे जलवे का नशेमन हो मिरे सीने में
अक्स आबाद हो तेरा मिरे आईने में
ज़िंदगी हो तिरा नज़्ज़ारा मिरे दिल के लिए
रोशनी हो तिरी, गहवारा मिरे दिल के लिए
ज़र्रा-ज़र्रा हो मिरा फिर तरब-अंदाज़े-हयात[2]
हो अयाँ जोहरे-अंदेशा[3] में फिर सोज़े-हयात
अपने ख़ुर्शीद का नज़्ज़ारा करूँ दूर से मैं
सिफ़ते-गुंचा हम-आग़ोश रहूँ नूर से मैं
जाने-मुज़्तर की हक़ीक़त को नुमायाँ कर दूँ
दिल के पोशीदा ख़्यालों को भी उरियाँ कर दूँ

१. जलवा पीना २. ज़िंदगी का लुत्फ उठाने वाला ३. चिंतन तत्त्व

चांद और तारे

डरते-डरते दमे-सहर से, तारे कहने लगे क़मर से
नज़्ज़ारे रहे वही फ़लक पर, थक भी गये चमक-चमककर
काम अपना है सुबहो-शाम चलना, चलना-चलना मुदाम चलना
बेताब है इस जहाँ की हर शै, कहते हैं जिसे सकूँ नहीं है
रहते हैं सितम-कशे-सफ़र सब, तारे, इंसाँ, शजर, हजर सब
होगा कभी ख़त्म यह सफ़र क्या ?
मंज़िल कभी आयगी नज़र क्या ?
कहने लगा चाँद हमनशीनो ! ऐ मर्ज़ा-ए-शब[2] के ख़ोशा-चीनो !
जुम्बिश से है ज़िंदगी जहाँ की, यही रस्म क़दीम है यहाँ की
है दौड़ता अशहबे-जमाना[4], खा-खा के तलब का ताज़ियाना[5]
इस रह में मुक़ाम बेमहल है, पौशीदा क़रार में अजल है
चलने वाले निकल गये हैं, जो ठेहरे ज़रा-कुचल गये हैं
अंजाम है इस ख़राम का हुस्न,
आग़ाज़ है इश्क़ इंतहा हुस्न।

---

१. पत्थर २. रात की खेती ३. बालियाँ चुनने वाले ४. वक्त का घोड़ा ५. कोड़ा ६. बेमौका।

विसाल[1]

जुस्तजू जिस गुल की तड़पाती थी ऐ बुलबुल मुझे
खूबी-ए-क़िसमत से आखिर मिल गया वह गुल मुझे।
खुद तड़पता था, चमन वालों को तड़पाता था मैं।
तुझ को जब रंगी-नवा पाता था शर्माता था मैं।
मेरे पहलू में दिले-मुज़्तर न था सीमाब[1] था
इरतकाबे-जुर्मे-उलफ़त[2] के लिए बेताब था।
नामुरादी महफ़िले-गुल में मिरी मशहूर थी
सुबह मेरी आयना-दारे-शबे-देजूर[3] थी।

अज़ नफस दर सीना-ए-खूँगश्ता निश्तर दाश्तम
जेरे ख़ामोशी निहाँ गोगा-ए-महशर दाश्तम[4]।

अब तअस्सुर के जहाँ में वह परेशानी नहीं
अहले-गुलशन पर गराँ मेरी ग़ज़लख्वानी नहीं।
इश्क़ की गर्मी से शोले बन गये छाले मिरे
खेलते हैं बिजलियों के साथ अब नाले मिरे।

---

१. मिलन २. प्रेम का अपाराध करना ३. अमावस की रात को आईना दिखाने वाली अर्थात् उससे बढ़कर ४. अपने घायल सीने में सांस को निश्तर बना रखा है। मूकता में प्रलय का कलरव छिपाये हुए हूँ।

ग़ाज़ा-ए-उलफ़त से यह ख़ाके-सयह् आईना है
और आईने में अक्से-हमदमे-दैरीना[1] है
क़ैद में आया तो हासिल मुझको आज़ादी हुई
दिल के लुट जाने से मेरे घर की आबादी हुई
ज़ौ से इस खुर्शीद की अख़्तर मिरा ताबिंदा है
चाँदनी जिसके ग़ुबारे-राह से शर्मिंदा है।

यक नज़र करदी-व-आदाबे-फ़ना आमोख़ती[2]
ऐ खुनक रोज़े ! कि ख़ाशाके मरा वासोख़ती[3]

---

१. पुराने मित्र का प्रतिबिम्ब २. तूने मुझे एक नजर में मर मिटने के सारे तरीके सिखा दिये। [३.] ऐ सुहाने दिन तूने मेरे जीवन का कूड़ा-कर्कट जला डाला।

सलीमा[1]

जिसकी नमूद देखी चश्मे-सितारा-बीं ने
खुर्शीद में, क़मर में, तारों की अंजुमन में
सूफ़ी ने जिसको दिल के जुलमत कदे में पाया
शायर ने जिसको देखा कुदरत के बाँकपन में
जिसकी चमक है पैदा, जिसकी महक हवैदा
शबनम के मोतियों में फूलों के पैरहन में
सहरा को है बसाया जिसने सकूत बनकर
हंगामा जिसके दम से काशाना-ए-चमन में
हर शय में है नुमायाँ यों तो जमाल उसका
आँखों है सलीमा ! तेरी कमाल उसका

१. वह धाया जिसने हज़रत मुहम्मद का पालन-पोषण किया ।

आशिके-हरजाई

है अजब मज्मूआ-ए[१]-अज़दाद ऐ इक़बाल तू
रौनक़े-हंगामा-ए-महफ़िल भी है तन्हा भी है
तेरे हंगामों से ऐ दीवाना-ए-रंगी नवा
जीनते-गुलशन भी है, आशायशे-सहरा भी है
हमनशीं तारों का है तू रिफ़अते-परवाज से
ऐ ज़मीं-फ़र्सा[२], कदम तेरा फ़लक-पैमा भी है
ऐन शग़्ले-मय में पैशानी है तेरी सज्दा रेज़
कुछ तिरे मशरब में रंगे-मशरबे-मीना भी है
मिस्ले-बू-ए-गुल, लिबासे-रंग-से उरियाँ है तू
है तो हिम्मत आफ़रीं, लेकिन तुझे सौदा भी है
जानिबे-मंज़िल रवाँ बेनक़्शे-पा मानंदे-मौज
और फ़िर उफ़तादा[३] मिस्ले-साहिले-दरिया भी है

---

१. असंगति-पुंज २. भूमि पर चलने वाला ३. आकाश मापने वाला
४. पाँव के चिन्ह छोड़े बिना ५. अचल ।

हुस्ने-निस्वानी है बिजली तेरी फ़ितरत के लिए
फ़िर अजब यह है कि तेरा इश्क़ बे-पर्वा भी है
तेरी हस्ती का है आईने-तफ़न्नुन पर मदार
तू कभी इक आस्ताने पर जबीं-फ़र्सा भी है
है हसीनों में वफ़ा-नाआशना तेरा खिताब
ऐ तलव्वुन ,कैश ! तू मशहूर भी रुस्वा भी है

लेके आया है जहाँ में आदते-सीमाब तू
तेरी बेताबी के सदके है अजब बेताब तू

इश्क़ की आशुफ्तगी ने कर दिया सहरा जिसे
मुश्ते-ख़ाक ऐसी निहाँ जेरे-कबा रखता हूँ मैं
दिल नहीं शायर का, है कैफ़यतों की रस्तख़ेज
क्या ख़बर तुझको दरूने-सीना क्या रखता हूँ मैं
आरजू हर कैफ़ियत में इक नए जलवे की है
मुज्तरिब हूँ, दिल सकूँ-नाआशना रखता हूँ मैं।
गो हसीने-ताजा[1] है हर लहजा मक़सूदे-नजर[2]
हुस्न से मजबूत पैमाने वफ़ा रखता हूँ मैं।
बेनयाजो से है पैदा मेरी फ़ितरत का नयाज़
सोज़ो-साजे-जुस्तजू मिस्ले-सबा रखता हूँ मैं।
मूजिबे-तिस्कीं[3], तमाशा-ए-शरारे[4] जस्ता-ए
हो नहीं सकता कि दिल बर्क़-आशना रखता हूँ मैं।
हर तकाज़ा इश्क की फ़ितरत का हो जिससे खमोश
आह वह कामिल तजल्ली, मुद्दआ रखता हूँ मैं।
जुस्तजू कुल की लिये फिरती है अजज़ा में मुझे
हुस्न बेपायाँ है, दर्दे-लादवा रखता हूँ मैं।

---

१. स्त्री सुलभ सौंदर्य २. दीवानगी उन्माद ३. सघर्ष। ४. नया माशूक ५. दृष्टि का उद्देश्य ६. सान्त्वना का कारण ७. उड़ती हुई चिनगारी का तमाशा।

ज़िंदगी उलफ़त की दर्द अन्जामियों[1] से है मिरी
इश्क़ को आज़ादे-दस्तूरे-वफ़ा रखता हूँ मैं।
सच अगर पूछे तो इफ़लासे-तखय्युल[2] है वफ़ा
दिल में हर दम इक नया महशर बपा रखता हूँ मैं।
फ़ैजे-साक़ी[3] शबनमआसा,[4] ज़र्फ़-दिल[5], दरिया-तलब
तश्न-ए-दायम[6] हूँ, आतिश[7] जेरे-पा रखता हूँ मैं।
मुझको पैदा करके अपना नुक्ताचीं पैदा किया
नक्श हूँ अपने मुसव्विर से गिला रखता हूँ मैं।
महफ़िले-हस्ती में जब ऐसा तुनक-जलवा[8] था हुस्न
फिर तखय्युल किस लिए लाइन्तहा रखता हूँ मैं।

दर बयाबाने-तलब पैवस्ता मा कोशेम-मा
मौजे-बेहरेमो-शिकस्ते-खेश बर-दोशेम-मा ।[9]

◈ ◈

१. पीड़ाजनक परिणाम २. कल्पना की दरिद्रता ३. साकी का दान ४. ओस की भाँति ५. दिल का पात्र ६. नदी का इच्छुक ७. सदा का प्यासा ८. पाँव नीचे आग अर्थात् व्यग्र ९. क्षणभर का १०. खोज के जंगल में मैंने सदा प्रयास कियां है। मैं समुद्र की एक मौज हूँ, जिसके सिरपर खुद अपना टूटने का बोझ है।

कोशिशे-नातमाम[1]

फ़ुक़ते-आफ्ताब[2] में खाती है पेचो-ताब[3] सुब्ह
चश्मे-शफ़क़ है खू -फिशाँ अखतरे-शाम के लिए।
रहती है कैसे-रोज़ को लैला-ए-शाम की हवस
अखतरे-सुबह मुज्तरिब, ताबे-दवाम के लिए।
कहता था कुत्बे आस्मां[4] काफ़िला-ए-नजूम[5] से
हमरहो ! मैं तरस गया लुत्फे-खराम के लिए।
सोतों को नद्दियों का शौक़,बहर का नद्दियों को इश्क
मौजा-ए-बहर को तपिश माहे-तमाम[6] के लिए।
हुस्ने अज़ल कि पर्दा-ए-लाला-व-गुल में है निहाँ
कहते हैं बेकरार है जलवा-ए-आम के लिए।
राजे-हयात पूछ ले खिज्रे-ख़जिस्तागाम[7] से
ज़िन्दा हर एक चीज है कोशिशे नातमाम से।

१. अधूरा प्रयास २. खून बहाने वाला ३. टूट गया है ४. आकाश का बुर्ज ५. सितारों का काफिला ६. पूर्ण चाँद ७. तेज चलने वाला खिज्र।

नवा-ए-ग़म[१]

ज़िन्दगानी है मिरी मिस्ले-रबाबे-खामोश[२]
जिसकी हर रंग के नग़मों से है लब्रेज़ आग़ोश
बरबते-कौनो-मकाँ[३] जिसकी खमोशी निसार
जिसके हर तार में हैं सैंकड़ों नग़मों के मज़ार
मेहशरिस्ताने-नवा[४] का है अमीं[५] जिसका सकूत
और मन्नतकशे-हंगामा[६] नहीं जिसका सकूत
आह ! उम्मीद मुहब्बत की बर आई न कभी
चोट मिज़्राब[७] की इस साज ने खाई न कभी।
मगर आती है नसीमे-चमने-तूर[८] कभी
सम्ते-गर्दूं[९] से हवा-ए-नफ़से-हूर[१०] कभी
छेड़ आहिस्ता से देती है मिरा तारे-हयात
जिस से होती है रिहा-रूहे-गिरफ्तारे-हयात
नग़मा-ए-यास[११] की धीमी सी सदा उठती है
अश्क के क़ाफ़िले को बाँगे-दरा उठती है
जिस तरह रिफ़अ़ते-शबनम है मज़ाक़े-रम से।
मेरी फितरत की बुलन्दी है नवा-ए-ग़म से।

१. विषाद की ध्वनि २. मूक सितार ३. दुनिया की सारंगी ४. कलरव गृह ५. रखने वाला ६. हंगामे का कृतज्ञ ७. वह यंत्र जिसे उँगली में पहनकर सितार बजाते हैं ८. तूर के उद्यान का समीर ९. आकाश की ओर १०. हूर के साँस की हवा ११. निराशा का गीत १२. घूमने का शौक।

इशरते-इम्रोज़[1]

न मुझ से कह कि अजल है पयामे-ऐशो-सरूर[2]
न खींच नक्शा-ए-कैफ़ियते-शराबे-तहूर[3]
फ़िराक़े-हूर में हो ग़म से हमकनार[4] न तू
परी को शीश-ए-अलफ़ाज़ में उतार न तू।
मुझे फ़रेफ्ता-ए-साक़ी-ए-जमील[5] न कर
बयाने-हूर न कर जिक्रे-सलसबील[6] न कर।
मुक़ामे-अम्न है जन्नत, मुझे कलाम नहीं
शबाब के लिए मौजूं तिरा पयाम नहीं।
शबाब ! आह ! कहाँ तक उमीदवार रहे
वह ऐश, ऐश नहीं, जिसका इन्तज़ार रहे।
वह हुस्न क्या कि जो मोहताजे-चश्मे-बीना[7] हो
नमूद के लिए मन्नत पज़ीरे-फ़र्दा[8] हो ।

---

१. आज का ऐश २. हर्ष और उल्लास ३. जन्नत की शराब ४. विषाद ग्रस्त ५. सुन्दर साक़ी का प्रेमी ६. स्वर्ग का प्लाऊ जिसमें स्वर्गवासियों को शरबत पिलाया जायगा ७. देखने वाली आँख का मोहताज ८. आने वाली कल का कृतज्ञ ।

इन्सान

कुदरत का अजीब यह सितम है।
इन्सान को राज़जू[1] बनाया
राज़ उसी की निगाह से छिपाया
बेताब है जोक़-आगही[2] का
खुलता नहीं भेद ज़िंदगी का।

हैरते आग़ाज़ो-इन्तहा[3] है
आईने के घर में और क्या है ?

है गर्मे-ख़राम[4] मौजे-दरिया
दरिया सू-ए-बहर[5] जादा-पैमा[6]
बादल को हवा उड़ा रही है
शानो पे उठाये ला रही है
तारे, मस्ते-शराबे-तक़दीर
ज़िन्दाने-फलक[7] में पाबज़ंजीर।

---

१. रहस्य खोजने वाला २. ज्ञान ३. आदि और अन्त ४. चलने में व्यस्त ५. समुद्र की ओर ६. चलने वाला, राही, यात्री ७. आस्मान का कैदखाना।

खुर्शीद बह् आबिदे-सह्र-खेज़
लाने वाला पयामे-"बरखेज़"[२]
मग़रिब[३] की पहाड़ियों में छिपकर
पीता है मये-शफ़क़ का सागर
लज्ज़तगीरे-वजूद[४] हर शय
सरमस्ते-मये-नमूद[५] हर शय

कोई नहीं ग़मगुसारे-इन्सां[६]
क्या तल्ख़ है रोजगारे-इन्सां।

---

१. प्रातःकाल उठने वाला भक्त २. उठ ३. पश्चिम ४. दुनिया का स्वाद उठाने वाली ५. प्रकट होने की शराब से मस्त ६. सम्वेदनाशील।

जलवा-ए-हुस्न

जलवा-ए-हुस्न कि है जिससे तमन्ना बेताब
पालता है जिसे आग़ोशे-तरखय्युल में शबाब।
अबदी[१] बनता है यह आलमे-फ़ानी[२] जिससे
एक अफ़साना-ए-रंगीं है जवानी जिससे।
जो सिखाता है हमें सरबगरेबाँ[३] होना
मंज़रे-आलमे-हाज़िर[४] से गुरेज़ाँ[५] होना।
दूर हो जाती है इद्राक[६] की ख़ामी जिससे
अक़्ल करती है तास्सुर[७] की ग़ुलामी जिससे।
आह! मौजूद भी वह हुस्न कहीं है कि नहीं?
ख़ातिमे-दहर[८] में यारब वह नगीं[९] है कि नहीं?

---

१. नित्य से, अजर २. दुनिया ३. हैरान ४. प्रस्तुत दृश्य ५. बचना ६. समझ ७. कल्पना ८. संसार की अगूठी ९. मोती, नगीना।

एक शाम

(दरिया-ए-नेकर हायडिलबर्ग के किनारे पर)

ख़ामोश है चाँदनी क़मर की
शाखें हैं खमोश हर शजर की।
वादी के नवाफरोश[1] ख़ामोश
कोहसार के सब्ज़पोश ख़ामोश।
फ़ितरत बेहोश हो गई है
आग़ोश में शब के सो गई है।
कुछ ऐसा सकूत का फ़सूँ[2] है
नेकर का ख़राम भी सकूँ है।
तारों का ख़मोश कारवाँ है
यह क़ाफ़िला बे-दरा रवाँ है।
ख़मोश है कोहो-दश्तो-दरिया
कुदरत है मुराक़बे[3] में गोया।
ऐ दिल तू भी ख़मोश हो जा
आग़ोश में ग़म को लेके सोजा।

---

१. चहचहाने वाले, २. जादू ३. समाधि।

तनहाई

तनहाई-ए-शब में है हज़ीं[1] क्या ?
अंजुम नहीं तेरे हमनशीं क्या ?
यह रिफ़अते-आस्माने-खामोश
ख्वाबीदा[2] जमीं, जहाने खामोश।

यह चाँद, यह दश्तो-दर यह कोहसार
फ़ितरत है तमाम नस्तरनज़ार[3]।
मोती खुशरंग प्यारे-प्यारे
यानी तिरे आँसुओं के तारे।
किस शाम की तुझे हवस है ऐ दिल !
कुदरत तिरी हमनफ़स है ऐ दिल !

१. दुखी २. सुप्त ३. बाग, उद्यान।

प्याम-इश्क़

सुन ऐ तलबगारे-दर्दे-पहलू ! मैं नाज़ हूँ तू नयाज़ होजा,
मैं ग़ज़नवी सोमनाथे-दिल का हूँ, तू सरापा अयाज़ होजा।
नहीं है वाबस्ता ज़ेरे गर्दूं कमाल शाने-सिकन्दरी से,
तमाम सामाँ है तेरे सीने में तू भी आयना-साज़[1] होजा।
ग़रज़ है पैकारे-जिंदगी[2] से कमाल पाय-हिलाल[3] तेरा,
जहाँ का फ़र्ज़ो-क़दीम है तू अदा मिसाले-नमाज़ हो जा।
न हो क़नाअत-शुआरे[4] गुलचीं, इसी से क़ायम है शान तेरी,
वफ़ूरे गुल[5] है अगर चमन में, तू और दामन-दराज़[6] होजा।
गये वह अय्याम, अब ज़माना नहीं है सहरा-नवर्दियों का
जहाँ में मानंदे-शमऐ-सोज़ाँ, म्याने-महफ़िल गुदाज़ होजा।
वजूद अफ़राद का मजाज़ी है हस्ति-ए-क़ौम है हक़ीक़ी
फ़िदा हो मिल्लत में, यानी आतश-ज़ने-तलिस्मे-मजाज़[7] होजा।
यह हिन्द के फ़िरक़ा-साज़ इक़बाल आज़री कर रहे हैं गोया
बचा के दामन बुतों से अपना ग़ुब्बारे हिजाज़ होजा।

---

१. आईना बनाने वाला अर्थात् सिकन्दर २. जीवन-संघर्ष ३. दूज का चाँद ४. थोड़े पर सन्तोष करने वाला ५. फूलों की अधिकता ६. ६. आँचल फैलाना ७. दिखावे के जादू को जलाने वाला।

फ़िराक

तलाशे-गोशा-ए-उल्फ़त में फिर रहा हूँ मैं,
यहाँ पहाड़ के दामन में आ छिपा हूँ मैं।
शकिस्ता गीत में चश्मों की दिलबरी है कमाल
दुआ-ए-तिफ़लके-गुफ़्तार[1] आज़मा की मिसाल।
है तख़्ते-लाले-शफ़क़ पर जलूसे अख़तरे-शाम
बहिस्ते-दीदा-ए-बीना है हुस्ने-मंज़रे शाम।
सकूते शामे जुदाई हुआ बहाना मुझे
किसी की याद ने सिखला दिया तराना मुझे।
यह कैफ़ियत है मिरी जाने-नाशकेबा[2] की
मिरी मिसाल है तिफ्ले-सग़ीरे-तनहा की।
अंधेरी रात में करता है वह सरोद आग़ाज़
सदा को अपनी समझता है ग़ैर की आवाज़।
यों ही मैं दिल को पयामे-शकेब देता हूँ
शबे फ़िराक़ को गोया फ़रेब देता हूँ।

---

१. बोलना सीख रहे बालक की प्रार्थना २. व्यग्र आत्मा ३. छोटा अकेला बच्चा।

अब्दुल क़ादर के नाम

उठ कि जुलमत हुई पैदा उफ़क़े-ख़ावर[१] पर
बज़्म में शोला-नवाई[२] से उजाला कर दें।

एक फरियाद है मानंदे-सपंद-अपनी बिसात
इसी हंगामे से महफ़िल तहो-बाला करदें।

अहले-महफ़िल को दिखादें असरे-सैक़ले-इश्क[३]
संगे-इमरोज[४] को आईना-ए-फ़र्दा[५] करदें।

जलवा-ए-यूसुफे-गुमगश्ता[६] दिखाकर उनको
तपिश-आमादा तरअज़ खूने-जुलैख़ा[७] करदें।

इस चमन को सबक़ आईने-नमू[८] का देकर
कतरा-ए-शबनमे-बेमाया[९] को दरिया करदें।

रख़्ते-जाँ[१०] बुतकदा-ए-चीं[११] से उठा लै अपना
सब को महवे-रुख़े-सग्रदा-ब-सलीमा[११] करदें।

---

१. पूर्व २. चिनगारी जैसी आवाज ३. इश्क के सैकल (जंग उतारने वाली वस्तु) का प्रभाव ४. आज का पत्थर ५. कल का आईना ६. जुलैखा के खून को खौला दें ७. उत्पत्ति का नियम ८. ओस की तुच्छ बूंद ९. प्राणों की सामग्री १०. चीन का बुतकदा ११. सादा और सलीमा के मुख की ओर प्रवृत्त।

देख ! यसरब[१] में हुआ नाक़ा-ए-लैला बेकार
क़ैस को आरज़ू-ए-नौ से शनासा करदें

बादा[२], दैरीना हो और गर्म है ऐसा, कि गुदाज,
जिगरे-शीशा-व-पैमाना-व-मीना करदें।

गर्म रखता था हमें सर्दी-ए-मग़रिब में जो दाग़
चीरकर सीना उसे वक़्फ़े-तमाशा करदें।

शमअ की तरह जियें बज़्मगहे-आलम में
खुद जलें दीदा-ए-अग़यार को बीना करदें।

हरचे दरदिल गुज़रद, वक़्फ़े जुबाँ दारद शमअ
सोखतन नेस्त ख्याले कि निहाँ दारद शमअ।[३]

---

१. अरब का एक तीर्थस्थान २. शराब ३. शमअ के दिल पर जो कुछ गुजरती है, उसे वह जबान पर नहीं लाती। उसे जलने के सिवा और कोई ख्याल नहीं जिसे छिपाती हो।

सकिलया

(सिसली द्वीप)

रो ले अब दिल खोल के ऐ दीदा-ए-खूँनाबा बार[१]
वह नज़र आता है तहज़ीबे-हिजाज़ी का मज़ार।
था यहाँ हंगामा उन सहरा-नशीनों[२] का कभी
बहर बाज़ी-गाह[३] था जिनके सफ़ीनों का कभी।
ज़लज़ले जिनसे शहनशाहों के दरबारों में थे
बिजलियों के आशियाने जिनकी तलवारों में थे।
इक जहाने-ताज़ा का पैग़ाम था जिनका ज़हूर
खा गई अस्रे-कुहन को जिनकी तेग़े-नासबूर[४]।
मुर्दा आलम ज़िंदा जिनकी शोरिशे-कुम से हुआ
आदमी आज़ाद ज़ंजीरे-तवहुम से हुआ।
गलोगलों से जिसकी लज्ज़तगीर अब तक गोश है
क्या वह तक्बीर[५] अब हमेशा के लिए खामोश है।

---

१. लहू रोने वाली आँख २. अरब के बासी ३. खेल का मैदान ४. निष्ठुर तलवार ५. अज़ान।

आह ऐ सिसली ! समुन्दर की है तुझसे आबरू
रेहनुमा की तरह इस पानी के सेहरा में है तू ।
ज़ब तेरे ख़ाल[1] से रुख़्सारे-दरिया को रहे
तेरी शमओं से तसल्ली बहर-पैमा को रहे।
हो सुबुक चश्मे-मुसाफ़िर पर तिरा मंज़र मुदाम
मौज रक़्साँ तेरे साहिल की चटानों पर मुदाम।
तू कभी उस क़ौम की तेहज़ीब का गेहवारा था
हुस्ने-आलमसोज़ जिसका आतशे-नज़्ज़ारा था ।
नालाकश[2] शीराज का बुलबुल हुआ बग़दाद पर
दाग़ रोया खून के आँसू जहानाबाद पर ।
आस्माँ ने दौलते-गर्नाता[3] जब बरबाद की
इब्ने-बदरूँ[4] के दिले-नाशाद ने फ़रियाद की ।
ग़म नसीब इक़बाल को बख़्शा गया मातम तिरा
चुन लिया तक़दीर ने वह ग़म कि था महरम तिरा।
है तिरे आसार में पोशीदा किसकी दास्ताँ ?
तेरे साहिल की खमोशी में है अन्दाज़े-बयाँ ।

---

१. तिल २. आह भरने वाला ३. अरब का एक नगर ४. वह व्यक्ति जिसने गर्नाता का मातम किया ।

दर्द अपना मुझसे कह, मैं भी सरापा दर्द हूँ
जिसकी तू मंज़िल था, मैं उस कारवाँ की गर्द हूँ।
रंग-तस्वीरे-कुहन में भर के दिखलादे मुझे
किस्सा, अय्यामे-सलफ़[1] का कह के तड़पादे मुझे।
मैं तिरा तोहफ़ा सूए-हिन्दोस्ताँ ले जाऊँगा
खुद यहाँ रोता हूँ औरों को वहाँ रुलवाऊँगा।

१. अतीत की कहानी।

ग़जलयात

ज़िंदगी इंसाँ की इक दम के सिवा कुछ भी नहीं
दम हवा की मौज है रम के सिवा कुछ भी नहीं।
गुल, तबस्सुम[१] कह रहा था, ज़िंदगानी को मगर
शमअ बोली, गिरया-ए-ग़म[२] के सिवा कुछ भी नहीं।
राज़-हस्ती-राज़ है जब तक कोई मेहरम न हो
खुल गया जिस दम तो मेहरम के सिवा कुछ भी नहीं।
ज़ायराने-काबा[३] से इक़बाल यह पूछे कोई
क्या हरम क़ा तोहफा ज़मज़म के सिवा कुछ भी नहीं।

१. मुस्कान २. विषाद का रुदन ३. हज को जाने वाले।

इलाही अक़्ले-खजिस्ता-पै[१] ज़रा सी दीवानगी सिखादे
उसे है सौदा-ए-बख़्या-कारी[२], मुझे सरे-पैरहन नहीं है[३]।
मिला मुहब्बत का सोज़ मुझको, बोले सुबहे-अज़ल[४] फ़रिश्ते
मिसाले-शमए-मज़ार है तू, तिरी कोई अंजुमन नहीं है।
यहाँ कहाँ हमनफ़स मयस्सर यह देश ना-आशना है ऐ दिल !
वह चीज़ तू माँगता है मुझ से कि ज़ेरे चर्ख़े-कुहन[५] नहीं है।
निराला सारे जहाँ से इसको अरब के मेमार[६] ने बनाया
बिना[७] हमारे हिसारे-मिल्लत[८] की इत्तहादे-वतन नहीं है।
कहाँ का आना, कहाँ का जाना फ़रेब है इम्तियाज़े-उक़्बा[९]
नमूद हर शै में है हमारी, कहीं हमारा वतन नहीं है।
मुदीरे-मख़ज़न[१०] से कोई इक़बाल जाके मेरा पयाम कह दे
जो काम कुछ कर रहीं हैं कौमें उन्हें मज़ाक़े-सुख़न नहीं है।

---

१. द्रुतगामी, बुद्धि २. फटे को सीने का सौदा ३. मेरे पास कमीज का पल्लू भी नहीं ४. सृष्टि-रचना के समय ५. पुराने आस्मान के नीचे ६. अरब का निर्माता अर्थात हज़रत मुहम्मद ७. नींव, बुनियाद ८. मिल्लत का दुर्ग ९. परलोक का भेद १०. सर अब्दुल क़ादर जो मखज़न पत्रिका के सम्पादक थे।

ज़माना देखेगा जब मिरे दिल से महशर उठेगा गुफ्तगू का

मिरी खमोशी नहीं है गोया मज़ार है हर्फ़-ग्रारज़ू का ।

जो मौजे-दरिया लगी यह कहने सफ़र से क़ायम है शान मेरी

गुहर यह बोला सदफ़-नशीनी[१] है मुझको सामान ग्राबरू का

न हो तबीयत ही जिनक़ी काबिल, वह तरबियत से नहीं संवरते

हुग्रा न सरसब्ज़ रह के पानी में ग्रक्स सर्वे-कनारे-जू[२] का.।

कोई दिल ऐसा नज़र न ग्राया न जिसमें ख्वाबीदा हो तमन्ना ।

इलाही ! तेरा जहान क्या है निगारख़ाना[३] है ग्रारज़ू का!

ग्रगर कोई शै नहीं है पिनहाँ तो क्यों सरापा तलाश हूँ मैं

निगह को नज़्ज़ारे की तमन्ना है दिल को सौदा है जुस्तजू का

चमन में गुलचीं से गुंचा कहता था इतना बेदर्द क्यों है इंसा ?

तिरी निगाहों में है तबस्सुम शकिस्ता होना मिरे सबू[४] का ।

रियाज़े-हस्ती के ज़र्रे-ज़र्रे से है मुहब्बत का जलवा पैदा

हक़ीकते-गुल को तू जो समझे तो यह भी पैमाँ है रंगो-बू का

---

१. सीपी में बन्द होना २. नदी के किनारे उगा हुग्रा सरव का पेड़
३. चित्र-गृह ४. प्याला

तमाम मज़मूँ मिरे पुराने, कलाम मेरा ख़ता सरापा
हुनर कोई देखता है मुझ में तो ऐब है मेरे ऐबजू[1] का
सिपास[2] शर्ते-अदब है वर्ना करम है तेरा सितम से बढ़ कर
ज़रा सा इक दिल दिया है वह भी फरेब-ख़ुर्दा[3] है आरज़ू का
कमाले-वहदत[4] अयां[5] है ऐसा कि नोके-निश्तर से तू जो छेड़े।
यक़ीं है मुझको मिरे रगे-गुल से क़तरा इंसान के लहू का।
गया है तक़लीद[6] का ज़माना, मजाज़[7] रख़्ते-सफ़र[8] उठाय ?
हुई हक़ीक़त ही जब नुमायाँ तो किसको चारा है गुफ़्तगू का।
जो घर से इक़बाल दूर हूँ मैं तो हों न महज़ूँ[9] अज़ीज मेरे।
मिसाले-गौहर वतन की फ़ुर्क़त कमाल है मेरी आबरू का।

◈ ◈

१. दोष खोजने वाला २. धन्यवाद ३. एकरूपता की पराकाष्ठा ४. प्रकट प्रत्यक्ष ५. अनुसरण ६. बाहरी रूप, दिखावा ७. यात्रा का सामान ८. उदास

चमक तेरी अयाँ, बिजली में, आतश में, शरारे में
झलक तेरी हवैदा, चाँद में, सूरज में, तारे में।
बुलंदी आस्मानों में, ज़मीनों में तिरी पस्ती
रवानी बहर में, उफ्तादगी[1] तेरी किनारों में।
शरीअत[2] क्यों गरेबाँगीर[3] हो जौक़े-तकल्लुम की
छिपा जाता हूँ अपने दिल का मतलब इस्तआरे[4] में।
जो है बेदार इंसां में वह गहरी नींद सोता है
शजर में, फूल में, हैवाँ में, पत्थर में, सितारे में।
मुझे फूँका है सोज़े-क़तरा-ए-अश्के-मुहब्बत[5] ने
ग़ज़ब की आग थी पानी के छोटे से शरारे में।
नहीं जिंसे-सवाबे-आख़िरत[6] की आरज़ू मुझको
वह सौदागर हूँ मैं ने नफ़ा देखा है ख़सारे में।
सकूँना-आशना रहना इसे सामाने हस्ती है
तड़प किस दिल की यारब छिप के आ बैठी है पारे में।
सदा-ए-लंतरानी सुन के ऐ इक़बाल मैं चुप हूँ
तकाज़ों की कहाँ ताक़त है मुझ फ़ुर्क़त के मारे में।

१. पड़ाव २. इस्लाम का धर्म-शास्त्र ३. बाधा ४. रूपक ५. मुहब्बत में टपकने वाले आँसू की जलन ६. परलोक की पुण्य-सामग्री।

यों तो ऐ बज़्मे-जहाँ दिलकश थे नज़्ज़ारे तिरे
इक ज़रा अफ़्सुर्दगी तेरे तमाशाओं में थी।
पा गई आसूदगी[1] कूए-मुहब्बत[2] में वह ख़ाक
मुद्दतों आवारा जो हिकमत के सहराओं में थी।
किस क़दर ऐ मय ! तुझे रस्मे-हिजाब[3] आई पसन्द
पर्दा-ए-अंगूर से निकली तो मीनाओं में थी।
हुस्न की तासीर पर ग़ालिब न आ सकता था इल्म
इतनी नादानी जहाँ के सारे दानाओं में थी।
मैंने ऐ इक़बाल योरुप में उसे ढूँढा अबस[4]
बात जो हिन्दोस्तां के माह-सीमाओं[5] में थी।

✧ ✧

१. तृप्ति २. मुहब्बत का कूचा ३. पर्दे की रीति ४. व्यर्थ ५. चाँद जैसे माथे वाली अर्थात् सुन्दरियाँ।

मिसाले-पर्तवे-मय[१] तौफ़े-जाम[२] करते हैं
यही नमाज़ अदा सुबहो-शाम करते हैं।
ख़सूसियत[३] नहीं कुछ इसमें ऐ कलीम तिरी
